रोहतक
रविवार, 7 जुलाई, 2024
आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष,
द्वितीया वर्ष : 28, अंक : 161
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

मौसम
अधि. 33.2
न्यून. 26.6

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



03 रोनाल्डो का सपना टूटा, पुर्तगाल बाहर
फ्रांस-स्पेन में होगी सेमीफाइनल की जंग


हरियाणा दीन दयाल प्लॉट

RERA REGISTRATION NO.: HARERA-PKL-SMP-548-2024

# हरियाणा दीन दयाल प्लॉट

(UNDER DEEN DAYAL JAN AWAS YOJNA 2016, GOVERNMENT OF HARYANA)

फ्री होल्ड आवासीय प्लॉट

## सेक्टर-24, सोनीपत

Payment Plan 10:40:25:25

RERA
RERA REGISTERED
REGISTERED

General Public is hereby informed that Affordable plots under Deen Dayal Jan Awas Yojna is open for Registration

**33% महिलाओं एवं सरकारी कर्मचारियों के लिए आरक्षित**



## हरियाणा सरकार द्वारा स्वीकृत दीन दयाल आवास योजना में अपना प्लाट


Gymnasium


Attached Market


CCTV Camera


Kids Play Area


Multipurpose Court


Swimming Pool


24x7 Security

UNBELIEVABLE PRICES * PRIME LOCATION * SMART INVESTMENTS

# Pay Just Rs 31,000/- for Registration

(Registration Amount refundable to all unsuccessful applicants)

LOAN APPROVED FROM ALL LEADING BANKS

Union Bank of India

**Today is Last Date of Registration**

**Allocation Date: 10th July, 2024**

**Payment Plan**

| Type | Plot Size (Sq. Yd.) | Plot Size (Sq. Mtr.) | Registration Amount | 10% within 5 days | 40% within 30 days (with bank loan) | 25% within 90 days (with bank loan) | 25% Payment on Registry | Total Cost |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Type-A | 101.96 | 85.26 | ₹31,000 | ₹5,60,807 | ₹22,43,230 | ₹14,02,018 | ₹14,02,018 | ₹56,08,074 |
| | 113.87 | 95.21 | ₹31,000 | ₹6,26,291 | ₹25,05,166 | ₹15,65,728 | ₹15,65,728 | ₹62,62,914 |
| | 143.42 | 119.91 | ₹31,000 | ₹7,88,827 | ₹31,55,309 | ₹19,72,068 | ₹19,72,068 | ₹78,88,272 |
| | 157.11 | 131.36 | ₹31,000 | ₹8,64,139 | ₹34,56,555 | ₹21,60,347 | ₹21,60,347 | ₹86,41,387 |
| Type-B | 159.76 | 133.58 | ₹31,000 | ₹8,78,709 | ₹35,14,837 | ₹21,96,773 | ₹21,96,773 | ₹87,87,092 |
| | 162.42 | 135.80 | ₹31,000 | ₹8,93,306 | ₹35,73,222 | ₹22,33,264 | ₹22,33,264 | ₹89,33,056 |
| | 167.43 | 139.99 | ₹31,000 | ₹9,20,854 | ₹36,83,417 | ₹23,02,136 | ₹23,02,136 | ₹92,08,542 |
| | 179.40 | 149.99 | ₹31,000 | ₹9,86,680 | ₹39,46,721 | ₹24,66,701 | ₹24,66,701 | ₹98,66,803 |

Taxes & other charges as applicable*

**Location Advantage**

- Sonipat Railway Station 800 mtr.
- Main City Bus Stand-1.5 km.
- UER-II, NH-344 - 2.5 km.
- OP Jindal University-6 km.
- Mini Secretariat -1 km.
- Maruti Plant Kharkhoda 10 min. Drive

## For Online Registration :

## www.haryanadeendayalplot.com

## ☎ +91-87662-06636

Scan with Google lens & Register

## खबर संक्षेप



### बसपा सुप्रीमो मायावती से मिले अभय चौटाला

**चंडीगढ़।** इनेलो विधायक और वरिष्ठ नेता अभय सिंह चौटाला नए समीकरणों की कवायद में जुटे। इसी क्रम में उन्होंने बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती से मुलाकात कर हरियाणा की सियासत को लेकर लंबी चर्चा की।

### पंचायत मंत्री ने सुनीं लोगों की समस्याएं

**चंडीगढ़।** विकास, पंचायत एवं सहकारिता मंत्री महिपाल ढांडा ने पानीपत के गांव गांजबड़ व विकास नगर के वार्ड 16 में लोगों की समस्याएं सुनते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की नीति व नीयत एक ही है लोगों की समस्याओं का समाधान करना।

### शिक्षकों ने की ट्रांसफर ड्राइव चलाने की मांग

**चंडीगढ़।** ट्रांसफर ड्राइव चलवाने की एकमात्र मांग को लेकर शिक्षक तबादला करवाओ संघर्ष समिति रविवार को करनाल में मास डेपुटेशन के रूप में सीएम आवास पर शांतिपूर्ण मास डेपुटेशन के रूप में जाएगी। समिति राज्य प्रधान कृष्ण कुमार निर्माण ने कहा कि शिक्षकों को ट्रांसफर जल्द हो।

**मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई हाई पावर्ड लैंड परचेज कमेटी की बैठक**

# लैंड-बैंक से प्रदेश में बड़े प्रोजेक्ट जल्द सिरे चढ़ेंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि हरियाणा में ई-भूमि पोर्टल पर स्वेच्छा से ऑफर की गई जमीन से जो लैंड-बैंक बनेगा, उससे प्रोजेक्ट जल्द सिरे चढ़ पाएंगे। राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई यह अनूठी पहल सरकारी योजनाओं के लिए भूमि एकत्रित करने की दिशा में देश भर में पहला प्रयोग है। मुख्यमंत्री यहां हाई पावर्ड लैंड परचेज कमेटी की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस अवसर पर शहरी स्थानीय निकाय राज्य मंत्री सुभाष सुधा, वन एवं वन्य जीव राज्य मंत्री संजय सिंह भी उपस्थित थे।

■ प्रोजेक्ट से वन क्षेत्र को नुकसान नहीं होना चाहिए

■ कल्याणकारी कार्यों के लिए नि:शुल्क भूमि देने वाले किसानों को सराहा

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि कई ऐसे लोग भी हैं, जोकि कल्याणकारी कार्यों के लिए निःशुल्क जमीन दान कर देते हैं। उन्होंने जींद जिला के बड़ौली गांव में बनाए जा रहे जलघर के लिए इसी गांव के रामेहर द्वारा 2.8 एकड़ भूमि जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को निःशुल्क ऑफर किये जाने की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे लोग समाज में अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करते हैं। मुख्यमंत्री ने अम्बाला, भिवानी, हिसार, करनाल, कुरुक्षेत्र, सिरसा तथा सोनीपत जिलों में ई-भूमि पोर्टल पर भूमि मालिकों द्वारा तयशुदा रेट के अनुसार ऑफर की गई जमीन से सम्बंधित चर्चा की और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मालिकों से भी बात की।

मुख्यमंत्री नायब सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ई-भूमि पर ऑफर की जाने वाली जमीन का मौके पर मुआयना करके यह तसल्ली कर लें कि वह जमीन किसी प्रोजेक्ट के लिए काम आ सकती है या नहीं। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी प्रोजेक्ट शुरू करने से पहले वन क्षेत्र को किसी प्रकार का नुकसान नहीं होना चाहिए। अगर किसी प्रोजेक्ट के लिए पेड़ काटने आवश्यक हों तो उनकी पूर्ति के लिए नियमानुसार नये पौधे अवश्य लगाए जाने चाहिएं। इस अवसर पर मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद, वित्त एवं योजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एके सिंह, नगर एवं आयोजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अरुण कुमार गुप्ता, लोक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग अग्रवाल, शहरी निकाय विभाग के आयुक्त विकास गुप्ता, भूमि जोत एवं भूमि अभिलेखों समेकन विभाग की निदेशक, आमना तस्नीम के अलावा अन्य वरिष्ठ अधिकारी रहे।



**चंडीगढ़।** हाई पावर्ड लैंड परचेज कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी।

### इन जिलों में प्रोजेक्ट को लेकर किया मंथन

उन्होंने अम्बाला जिले में पम्प हाऊस से पानी की निकासी किये जाने के लिए चिन्हित जमीन के अलावा हिसार जिला के आदमपुर से दड़ौली रोड पर आरओबी के सर्विस रोड, हिसार जिला में जींद-बरवाला रोड से राखीगढ़ी म्यूजियम तक नई सड़क बनाने और रेवाड़ी जिले के कोसली कस्बा में नया बाईपास बनाने के लिए ई-भूमि पोर्टल पर ऑफर की गई जमीन बारे विस्तार से विचार-विमर्श किया। उन्होंने उक्त प्रोजेक्टस से संबंधित जिलों के डीसी तथा भूमि मालिकों से बातचीत करके इन एजेंडों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए।

# बुजुर्गों की पेंशन बढ़ाने और महिलाओं को सौगातें देने की तैयारी में सरकार

■ कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति आयु 58 से 60 करने पर चल रहा मंथन

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा में विधानसभा चुनावों से पहले सूबे की नायब सैनी सरकार बुजुर्गों, महिलाओं और हरियाणा सरकार के कर्मियों को तोहफे देने की तैयारी में है। इस क्रम में बुजुर्गों की पेंशन बनाने की मुहिम बहुत तेजी के साथ चलाई जा रही है, जिसके कारण सभी जिलों में सामाजिक पेंशन लेने वालों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। राज्य के अंदर एमपी की तर्ज पर लाडली बहना योजना को लेकर भी गंभीरता से मंथन किया जा रहा है, जिसमें हर महिला को हर माह एक निश्चित रकम दी जाएगी।

■ मध्यप्रदेश की तर्ज पर हरियाणा में लाडली बहना स्कीम चलाने पर भी चर्चा

■ कई अन्य स्कीम लॉन्च कर सकती है सरकार

### फीडबैक ले रही सरकार

भरोसेमंद उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि हरियाणा में होने वाले इस बार के विधानसभा चुनावों से पहले प्रदेश की नायब सरकार कुछ नायाब फैसले लेने की तैयारी में हैं। इन फैसलों को लेकर लगातार चिंतन मंथन कर फीडबैक लिया जा रहा है। इस क्रम में जहां राज्य के सरकारी कर्मियों की रिटायरमेंट उम्र 58 से 60 करने की चर्चा है, वहीं कर्मचारी ओपीएस अर्थात पुरानी पेंशन स्कीम की मांग कर रहे हैं। यह मांग भी राज्य के आला अफसरों, सियासी दिग्गजों में चिंतन का विषय बनी हुई है। इसके अलावा सामाजिक पेंशनों में इजाफा करने पर भी विचार चल रहा है। साथ ही नियमों को कुछ लचीलेपन के साथ ज्यादा लोगों को बुजुर्गु पेंशन व अन्य पेंशनों का लाभ दिए जाने पर मंथन चल रहा है। खास बात यह है कि आयकर का भुगतान करने वालों को छोड़कर अधिकांश को लाभ दिए जाने की कवायद हो रही है। इसके अलावा सभी जिलों में बुजुर्गों की पेंशन बनाने का काम भी युद्धस्तर पर किया जा रहा है, ताकि एक तीर से कईं निशाने साधे जा सकें। प्रापर्टी आईडी और पीपीपी के सरलीकरण को लेकर समाधान शिविर लगाए जा रहे हैं, इसको लेकर सरकार कुछ अन्य भी राहत प्रदान करने पर विचार कर रही है।

### महिलाओं को सशक्त करने की तैयारी



दूसरे प्रदेशों की तर्ज पर कुछ अन्य घोषणा भी नायब सरकार करने की पर तेजी से मंथन में जुटी हुई है, जैसे एमपी मध्य प्रदेश की लाडली बहना योजना, उक्त योजना साल 2023 में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज चौहान ने महिलाओं के लिए चालू की थी। बहुत ही चर्चित और लोकप्रिय हुई इस योजना को भी राज्य में लागू करने पर मंथन किया जा रहा है। यहां पर यह भी बता दें कि योजना के तहत कुछ शर्तों के साथ हर माह महिलाओं को निश्चित राशि दी जाती है। यह भी सीधे उनके खातों में जाती है। एक हजार से शुरू हुई इस योजना को बाद में 1250 और इसके बाद सीधे ही तीन हजार प्रतिमाह कर दिया गया था। लाडली बहना की तर्ज पर राज्य सरकार इसी तरह की कोई स्कीम लांच कर सकती है। कुल मिलाकर पेंशन बढ़ाने, ज्यादा लोगों को इस दायरे में लाने के साथ साथ कुछ अन्य सौगात देने की तैयारी चल रही है।

### विधानसभा सत्र बुला सकती है सरकार

विधानसभा चुनावों से पहले पहले राज्य की नायब सैनी सरकार विधानसभा का सत्र बुला सकती है, इस पर विचार किया जा रहा है। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता का कहना है सत्र बुलाने को लेकर सरकार को निर्णय लेना होता है। अगर इस तरह का कोई प्रस्ताव आया, तो विचार करेंगे।

**AXIS BANK LTD.**

**स्वर्ण आभूषणों के रूप में गिरवीकृत परिसम्पत्तियों की ई-नीलामी हेतु सार्वजनिक सूचना**

कर्जदारों को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि नीचे अकाउंट्स में गिरवी स्वर्ण आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी नीचे वर्णित शाखा में ऐक्सिस बैंक द्वारा आयोजित की जानी प्रस्तावित है। नीचे वर्णित कर्जदारों ने प्रतिभूति के तहत बैंक के पक्ष में स्वर्ण आभूषणों की गिरवी (''स्वर्ण ऋण सुविधा'') के तहत ऐक्सिस बैंक लिमिटेड से क्रेडिट सुविधा का लाभ प्राप्त किया। प्राप्त की गई स्वर्ण ऋण सुविधा के तहत उनकी बकाया राशि का भुगतान करने के लिये कर्जदारों /गारंटरों का आह्वान करते हुये कर्जदारों / गारंटरों को डिमांड नोटिस जारी किये गये थे। चूंकि कर्जदारों/गारंटरों द्वारा बकाया ऋण राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहने पर, बैंक गिरवी का अवलम्ब लेने के लिये और यहां नीचे सम्पत्ति की अनुसूची में विशेषतः वर्णित गिरवीकृत स्वर्ण आभूषणों की एक ई-नीलामी बिक्री **17 जुलाई 2024 को अप. 12.30 बजे से अप. 3.30 बजे तक** ''जैसा है जहां है'', ''जैसा है जो है'', ''जो भी है वहां है'' और ''अवलम्ब नहीं आधार'' पर आयोजित करना प्रस्तावित करने के लिये बाध्य है।

**कर्जदारों और बकाया राशि का विवरण**

| क्र. सं. | ग्राहक का नाम | ऋण अकाउंट नं. | बकाया राशि ( रु. में ) | वापसी सूचना की तिथि | कुल वजन | शुद्ध वजन |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | बी.ओ. : अम्बाला सिटी [ एचआर ] | | | | | |
| 1 | नरेन्द्र | XXXXXXXXXXX1136 | Rs.914,867.00 | 20-11-2023 | 214.600 | 213.400 |
| | बी.ओ. : अम्बाला महेश नगर एचआर | | | | | |
| 2 | मनदीप सिंह | XXXXXXXXXXX1714 | Rs.88,677.00 | 07-06-2024 | 27.400 | 25.800 |
| | बी.ओ. : बहादुरगढ़ [ एचआर ] | | | | | |
| 3 | योगेश कुमार | XXXXXXXXXXX0428 | Rs.634,465.00 | 08-05-2024 | 166.000 | 147.400 |
| 4 | रमेश गुप्ता | XXXXXXXXXXX4516 | Rs.35,142.27 | 09-11-2023 | 8.780 | 8.440 |
| | बी.ओ. : बरवाला बीएडब्ल्यू एचआर | | | | | |
| 5 | राकेश कुमार | XXXXXXXXXXX5377 | Rs.286,174.00 | 17-01-2024 | 65.210 | 65.100 |
| | बी.ओ. : बस्ताली केएआरएन एचआर | | | | | |
| 6 | पुरुषोत्तम | XXXXXXXXXXX1565 | Rs.56,947.00 | 08-05-2024 | 15.100 | 14.900 |
| | बी.ओ. : गोहाना एचआर | | | | | |
| 7 | सीमा सीमा | XXXXXXXXXXX9694 | Rs.116,258.00 | 08-05-2024 | 32.200 | 26.000 |
| 8 | अमरजीत | XXXXXXXXXXX7652 | Rs.359,872.00 | 17-01-2024 | 93.300 | 87.100 |
| 9 | अमित | XXXXXXXXXXX9249 | Rs.70,736.00 | 15-02-2024 | 18.100 | 17.500 |
| | बी.ओ. : हांसी एचएसआर एचआर | | | | | |
| 10 | कर्मवीर | XXXXXXXXXXX1856 | Rs.141,181.00 | 07-06-2024 | 48.200 | 32.700 |
| 11 | सुशीला देवी | XXXXXXXXXXX8995 | Rs.107,027.00 | 07-06-2024 | 28.600 | 25.800 |
| | बी.ओ. : इस्माईलाबाद केयूआरयू एचआर | | | | | |
| 12 | मांगू राम | XXXXXXXXXXX9580 | Rs.41,544.00 | 08-05-2024 | 10.170 | 10.170 |
| | बी.ओ. : जय सिंह पुरा केएआरएन एचआर | | | | | |
| 13 | राणा प्रताप सिंह | XXXXXXXXXXX8302 | Rs.131,627.00 | 08-05-2024 | 32.850 | 31.100 |
| | बी.ओ. : जीन्द [ एचआर ] | | | | | |
| 14 | रमेश | XXXXXXXXXXX3620 | Rs.44,909.00 | 08-05-2024 | 10.600 | 10.200 |
| | बी.ओ. : कैथल [ एचआर ] | | | | | |
| 15 | सुल्तान सिंह | XXXXXXXXXXX7296 | Rs.62,756.00 | 08-05-2024 | 16.400 | 15.900 |
| 16 | तनिष्क धवन | XXXXXXXXXXX0478 | Rs.43,190.00 | 08-05-2024 | 11.300 | 10.400 |
| | बी.ओ. : महेन्द्रगढ़ एचआर | | | | | |
| 17 | मनोज कुमार | XXXXXXXXXXX6413 | Rs.35,088.00 | 08-05-2024 | 11.400 | 10.800 |
| | बी.ओ. : मॉडल टाउन पीएएनआई पीपीटी एचआर | | | | | |
| 18 | बिजेन्द्र रावल | XXXXXXXXXXX1486 | Rs.65,388.00 | 08-05-2024 | 16.500 | 16.000 |
| 19 | कपिल | XXXXXXXXXXX0536 | Rs.38,333.00 | 30-05-2023 | 8.600 | 8.200 |
| | बी.ओ. : नारायणगढ़ एचआर | | | | | |
| 20 | साहिल कालेर | XXXXXXXXXXX8818 | Rs.39,320.00 | 10-10-2023 | 35.410 | 34.940 |
| | बी.ओ. : नारनौल [ एचआर ] | | | | | |
| 21 | कांता देवी | XXXXXXXXXXX2434 | Rs.221,370.08 | 08-05-2024 | 53.600 | 52.500 |
| 22 | राहुल | XXXXXXXXXXX5854 | Rs.120,196.00 | 08-05-2024 | 30.000 | 28.300 |
| | बी.ओ. : नेवल केएआरएन एचआर | | | | | |
| 23 | अनिल | XXXXXXXXXXX5795 | Rs.242,804.66 | 08-05-2024 | 71.500 | 69.000 |
| | बी.ओ. : पलवल [ एचआर ] | | | | | |
| 24 | विशान सिंह | XXXXXXXXXXX7364 | Rs.168,649.00 | 02-04-2024 | 86.800 | 78.500 |
| 25 | ललित | XXXXXXXXXXX5205 | Rs.118,599.00 | 07-06-2024 | 31.400 | 30.200 |
| 26 | मनवीर | XXXXXXXXXXX0000 | Rs.88,712.07 | 17-01-2024 | 31.500 | 28.200 |
| 27 | पवन कुमार | XXXXXXXXXXX8781 | Rs.25,241.00 | 22-03-2024 | 8.000 | 7.550 |
| | बी.ओ. : पंचकूला [ एचआर ] | | | | | |
| 28 | गुरबिन्दर सिंह | XXXXXXXXXXX5895 | Rs.64,726.72 | 09-11-2023 | 20.000 | 19.000 |
| 29 | हरजीत कौर | XXXXXXXXXXX2450 | Rs.235,269.45 | 08-05-2024 | 64.500 | 61.300 |
| | बी.ओ. : पेराडाइज मॉल एस जीयूआर एचआर | | | | | |
| 30 | प्रेवेन्द्र | XXXXXXXXXXX7886 | Rs.22,471.43 | 20-10-2023 | 16.400 | 16.000 |
| | बी.ओ. : रतिया [ एचआर ] | | | | | |
| 31 | बलविन्दर कौर | XXXXXXXXXXX3703 | Rs.244,598.12 | 08-05-2024 | 126.500 | 102.900 |
| | बी.ओ. : रेवाड़ी [ एचआर ] | | | | | |
| 32 | तारावती | XXXXXXXXXXX0677 | Rs.84,673.41 | 08-05-2024 | 24.500 | 22.200 |
| | बी.ओ. : रोहतक [ एचआर ] | | | | | |
| 33 | साहिल जैन | XXXXXXXXXXX2841 | Rs.612,329.00 | 08-05-2024 | 149.000 | 148.000 |
| 34 | विकास कुमार | XXXXXXXXXXX7484 | Rs.275,800.00 | 17-01-2024 | 75.800 | 71.000 |
| | बी.ओ. : सफीदों [ एचआर ] | | | | | |
| 35 | सविता | XXXXXXXXXXX8505 | Rs.59,763.00 | 08-05-2024 | 14.500 | 13.200 |
| 36 | सुनील कुमार | XXXXXXXXXXX6878 | Rs.110,983.00 | 17-01-2024 | 31.300 | 26.800 |
| | बी.ओ. : समालखा एचआर | | | | | |
| 37 | दीपक मलिक | XXXXXXXXXXX8672 | Rs.214,209.98 | 08-02-2023 | 49.840 | 48.000 |
| 38 | सुनील कुमार | XXXXXXXXXXX8786 | Rs.253,239.06 | 08-05-2024 | 69.830 | 68.000 |
| | बी.ओ. : सरस्वती खेड़ा केयूआरयू एचआर | | | | | |
| 39 | बिट्टू राम | XXXXXXXXXXX7817 | Rs.47,521.00 | 08-05-2024 | 13.300 | 12.050 |
| | बी.ओ. : सिरसा [ एचआर ] | | | | | |
| 40 | परमजीत | XXXXXXXXXXX4977 | Rs.271,244.00 | 08-05-2024 | 65.500 | 63.300 |
| 41 | सुरज नाथ | XXXXXXXXXXX1249 | Rs.53,509.00 | 10-10-2023 | 13.700 | 13.200 |
| | बी.ओ. : सिरसा बरनाला रोड एचआर | | | | | |
| 42 | कमलेश | XXXXXXXXXXX5066 | Rs.158,507.00 | 08-05-2024 | 40.000 | 38.200 |
| | बी.ओ. : सोनीपत [ एचआर ] | | | | | |
| 43 | नीलम | XXXXXXXXXXX9881 | Rs.214,815.86 | 15-02-2024 | 64.900 | 64.700 |
| 44 | दीपक कुमार | XXXXXXXXXXX8518 | Rs.95,227.32 | 08-05-2024 | 21.300 | 20.500 |
| 45 | परवीन | XXXXXXXXXXX4387 | Rs.296,057.64 | 22-03-2024 | 106.800 | 103.100 |
| 46 | अमित सूरी | XXXXXXXXXXX5604 | Rs.62,262.00 | 30-05-2023 | 16.600 | 16.000 |
| | बी.ओ. : सुशांत लोक ए एचआर | | | | | |
| 47 | बिजेन्द्र दत्त | XXXXXXXXXXX4554 | Rs.83,541.00 | 07-06-2024 | 24.700 | 23.700 |
| | बी.ओ. : टोहाना [ एचआर ] | | | | | |
| 48 | गगनदीप कौर | XXXXXXXXXXX1817 | Rs.56,513.00 | 08-05-2024 | 17.420 | 17.420 |
| | बी.ओ. : तोशाम सी5383 एचआर | | | | | |
| 49 | विकाश कुमार | XXXXXXXXXXX9505 | Rs.192,865.00 | 10-10-2023 | 45.190 | 45.040 |
| 50 | विकाश कुमार | XXXXXXXXXXX6918 | Rs.474,797.00 | 10-10-2023 | 115.260 | 114.110 |
| | बी.ओ. : यमुनानगर [ एचआर ] | | | | | |
| 51 | मोहम्मद परवेज | XXXXXXXXXXX4421 | Rs.90,514.00 | 08-05-2024 | 24.400 | 22.000 |

ऐक्सिस बैंक लि. कोई पूर्व सूचना दिये बिना अकाउंट को हटाने / नीलामी तिथि परिवर्तित करने का अधिकार रखता है। नीलामी **अप. 12.30 बजे से अप. 3.30 बजे** के बीच ऑनलाइन **HTTPS://GOLD.SAMIL.IN** आयोजित की जाएगी।

विस्तृत नियम व शर्तों हेतु, कृपया दी गई वेबसाइट **HTTPS://GOLD.SAMIL.IN** को लॉग इन करें।

**स्थान : हरियाणा, दिनांक : 07.07.2024** — **हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, ऐक्सिस बैंक लि.**

# विधानसभा अधिकारियों और कर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा द्वारा पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च के सहयोग से विधानसभा के अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन पंचकूला के सेक्टर-1 स्थित पीडब्लयूडी विश्राम गृह में में किया गया। कार्यशाला में लगभग 200 अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने कार्यशाला के उद्घाटन सत्र के दौरान अपने संबोधन में कहा कि हरियाणा विधानसभा में गत 5 वर्षों में अपनी कार्यप्रणाली में अनेक नई प्रथाओं और सुधारो को अपनाया है। इन नई प्रथाओं का उद्देश्य कार्य को अधिक पारदर्शी , प्रभावी और नागरिकों के प्रति उत्तरदाई बनाना है। उन्होने बताया कि नई तकनीक और विधायी सुधारो का समावेश विधानसभा को आधुनिक और प्रगतिशील बनाता है, डिजिटलाइजेशन और ई- विधान प्रणाली के माध्यम से विधानसभा की कार्यवाही , विधायक और अन्य दस्तावेज डिजिटल रूप में उपलब्ध कराए जाते हैं। इस प्रणाली के तहत सदस्य टैबलेट और अन्य डिजिटल उपकरणों का उपयोग कर सकते हैं।




**चंडीगढ़।** कार्यशाला को संबोधित करते विधानसभा स्पीकर ज्ञानचंद गुप्ता।

# बाबू जगजीवन राम को दी श्रद्धांजलि



**चंडीगढ़।** राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने राजभवन में पूर्व रक्षा मंत्री स्वर्गीय बाबू जगजीवन राम की पुण्यतिथि पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।राज्यपाल ने बाबू जगजीवन राम को भारतीय राजनीति में एक महान व्यक्तित्व और सामाजिक न्याय एवं समानता की लड़ाई में अग्रणी व्यक्ति के रूप में याद किया। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय बाबू जगजीवन राम एक दूरदर्शी नेता थे, जिनका हमारे देश के लिए योगदान अतुलनीय है। वंचितों के उत्थान के लिए उनके अथक प्रयास और एक नेता के रूप में उनकी अनुकरणीय सेवा पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। आज हम अपने राष्ट्र के लिए उनकी अमूल्य सेवा को याद करते हैं और उनका सम्मान करते हैं।



### प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं का हाल बुरा : गुप्ता



**चंडीगढ़।** आम आदमी पार्टी प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने हरियाणा के स्वास्थ्य मंत्री के डॉक्टरों की भारी कमी के चलते डॉक्टरों को पैदा कहां से करें के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा ये बहुत ही शर्मनाक है। इससे साफ है बीजेपी सरकार ने हाथ खड़े कर दिए हैं। लोगों को अस्पताल में मरने के लिए छोड़ दिया है। अगर पिछले दस सालों में कुछ किया होता तो डॉक्टरों के लिए अच्छा माहौल बनाया होता तो आज प्रदेश में डॉक्टरों की कमी नहीं होती। उन्होंने कहा कि बीजेपी की सरकार में प्रदेश की जनता का स्वास्थ्य भगवान भरोसे चल रहा है।

### थेहड़ के विस्थापितों को घर देने की मांग



**चंडीगढ़।** सिरसा सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव सैलजा ने केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को पत्र लिखकर मांग की है कि सिरसा में थेहड़ से विस्थापित सैकड़ों परिवारों के स्थायी आवास का प्रबंध किया जाए। उन्होंने पत्र के माध्यम से कहा है कि सिरसा नगर में स्थित थेहड़ की 85 एकड़ भूमि पर पुरातत्व विभाग ने अपना दावा करते हुए पंजाब हरियाणा हाई कोर्ट में वाद दायर कर भूमि खाली कराने की अनुरोध किया था। हाईकोर्ट ने भूमि को खाली कराने का आदेश पारित किया साथ ही कहा था कि पहले विस्थापित होने वाले परिवारों को घर दिए जाएं।



रोहतक

रविवार, 7 जुलाई, 2024

आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष, द्वितीया वर्ष : 28, अंक : 161

पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00

मौसम

अधि. 33.2

न्यून. 26.6

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com







### संसदीय कार्यमंत्री रिजिजू ने दी जानकारी

### केंद्र की सिफारिश को राष्ट्रपति ने भी दी मंजूरी

# बजट सत्र 22 जुलाई से, निर्मला 23 को 7वीं बार बजट पेश कर बनाएंगी रिकॉर्ड

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को कहा कि संसद का बजट सत्र 22 जुलाई से शुरू होगा और 12 अगस्त को समाप्त होगा। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को बजट पेश करेंगी। सीतारमण लगातार सातवीं बार बजट पेश करेंगी। वे ऐसा करने वाली देश की पहली वित्त मंत्री बन जाएंगी। इससे पहले मोरारजी देसाई ने लगातार छह बजट पेश किए थे। केंद्र सरकार की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इसकी मंजूरी दे दी है। यह बजट नई सरकार का पहला पूर्ण बजट होगा। फरवरी में सरकार ने अंतरिम बजट पेश किया था।

### सत्र 12 अगस्त तक चलेगा



ऐसा करने वाली देश की पहली वित्त मंत्री बनेंगी सीतारमण

■

इससे पहले मोरारजी देसाई ने लगातार 6 बजट पेश किए थे

#### मोदी 3.0 का पहला बजट

पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली तीसरी सरकार का यह पहला बजट होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संसद की संयुक्त बैठक में अपने संबोधन में कहा था कि बजट में प्रमुख सामाजिक व आर्थिक फैसले लिए जाने की उम्मीद है। अप्रैल-जून में हुए लोकसभा चुनाव के कारण फरवरी में अंतरिम बजट पेश किया गया था।

#### मोदी 3.0 में विकसित भारत मिशन पर जोर

- यह बजट मिडिल क्लास को टैक्स में छूट देने, महिला सशक्तिकरण, किसानों की आय बढ़ाने और रोजगार पर फोकस रह सकता है।
- स्टैंडर्ड डिडक्शन लिमिट 50,000 से बढ़ाकर 1,00,000 हो सकती है। डिफेंस, रेलवे, इंफ्रास्ट्रक्चर, रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में कई घोषणाएं हो सकती हैं।
- स्टार्टअप पर लगने वाले एंजल टैक्स को कम करने पर विचार। इलेक्ट्रॉनिक्स सब-असेंबली और कंपोनेंट के लिए 40,000 करोड़ की पीएलआई स्कीम की संभावना है।
- इन्सॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड (आईबीसी) 2.0 में संशोधन लाया जा सकता है।

#### अंदर के पन्नों पर


- अयोध्या में भाजपा को हरा इंडिया ने राम मंदिर आंदोलन को हराया पेज-5
- भारी बारिश के कारण अमरनाथ यात्रा रोकी, बद्रीनाथ हाईवे बंद पेज-6




## जिम्बाब्वे से 13 रन से हार गया वर्ल्ड चैंपियन भारत

### 116 रन भी नहीं बना सकी टीम इंडिया

**हरारे(एजेंसी)।** शुभमन गिल की अगुआई वाली युवा भारतीय टीम बल्लेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन के कारण शनिवार को यहां पांच मैच की श्रृंखला के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में कम अनुभवी जिम्बाब्वे से 13 रन से पराजित हो गई। टी-20 वर्ल्ड कप जीतने के एक हफ्ते बाद भारत को करारी हार का सामना करना पड़ा। टीम इंडिया को जिम्बाब्वे ने 5 मैचों की टी-20 सीरीज के पहले मुकाबले में 13 रन से हराया। हरारे में वर्ल्ड चैंपियन भारत 116 रन का टारगेट भी चेज नहीं कर सका। टीम इंडिया के खिलाफ टी-20 इतिहास का सबसे छोटा स्कोर डिफेंड हुआ है। टीम के कप्तान सिकंदर रजा और तेंदाई चतारा ने 3-3 विकेट लिए। *(खेल पेज भी देखें)*

# नीट-यूजी काउंसलिंग में देरी अब इस माह के अंत में प्रक्रिया

### *एनटीए ने कहा था 6 से शुरू होगी, सरकार ने कहा-अभी तारीख घोषित नहीं*

एजेंसी/भाषा ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2024 के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया इस माह के अंत तक शुरू हो सकती है। काउंसलिंग सत्र जुलाई के पहले सप्ताह में शुरू होने की संभावना थी। हालांकि, काउंसलिंग अधिकारियों ने कोई तारीख या कार्यक्रम अधिसूचित नहीं किया था। इससे पहले दिन में चर्चा थी कि सरकार ने काउंसलिंग स्थगित कर दी है। यह काउंसलिंग 6 जुलाई से शुरू होनी थी, ऐसी जानकारी एनटीए ने सुप्रीम कोर्ट में दी थी। लेकिन अब केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि नीट-यूजी काउंसलिंग स्थगित होने की खबर गलत है। चूंकि, कांउसलिंग की कोई आधिकारिक तारीख जारी नहीं की गई थी, ऐसे में यह नहीं कहा जा सकता कि काउंसलिंग स्थगित की गई है। सूत्रों ने कहा कि कुछ मेडिकल कॉलेजों को अनुमति पत्र जारी करने की प्रक्रिया अभी जारी है और अतिरिक्त सीट जोड़े जाने की संभावना है। 'यह प्रक्रिया पूरी हो जाने के बाद काउंसलिंग की तिथि घोषित की जाएगी, ताकि नए कॉलेजों की सीट पर पहले चरण में ही प्रवेश सुनिश्चित किया जा सके।' काउंसलिंग इस महीने के अंत में शुरू होने की संभावना है।

#### एक दिन पहले यह कहा था केंद्र और एनटीए ने



कथित कदाचार को लेकर विवादों में घिरी नीट-यूजी 2024 परीक्षा को रद्द करने की मांग के बीच केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय में कहा था कि गोपनीयता भंग होने के किसी साक्ष्य के बिना इसे रद करने का बेहद प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा क्योंकि इससे लाखों ईमानदार अभ्यर्थियों पर 'गंभीर असर' पड़ सकता है।

#### सुप्रीम कोर्ट ने भी किया था इनकार

सुप्रीम कोर्ट ने नीट-यूजी 2024 परीक्षा की काउंसलिंग प्रक्रिया को स्थगित करने से पिछले महीने इनकार कर दिया था। राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए नीट-यूजी का आयोजन करती है। इस साल पांच मई को यह परीक्षा आयोजित की गई थी, जिसमें 571 शहरों के 4,750 परीक्षा केंद्रों पर लगभग 23 लाख परीक्षार्थी शामिल हुए थे।

#### 5 चरणों में होती है काउंसलिंग

नीट-यूजी काउंसलिंग प्रक्रिया में कई चरणों में होती है। इसमें ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन, ऑप्शन भरना और लॉक करना, सीट एलॉटमेंट और आखिर में एलॉटेड कॉलेज में रिपोर्ट करना शामिल है। इस पूरी प्रक्रिया में स्टूडेंट्स को कई डॉक्यूमेंट्स की भी जरूरत होती है।

#### 8 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

नीट पेपर लीक, परीक्षा में हुईं गड़बड़ियों और ग्रेस मार्क्स के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई सभी 26 याचिकाओं पर 8 जुलाई को सुनवाई होगी। इसमें से 22 याचिकाएं छात्र, टीचर्स, कोचिंग इंस्टीट्यूट और वेलफेयर एसोशिएशन की तरफ से दायर की गई हैं। वहीं, 4 याचिकाएं नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की तरफ से दायर हुई हैं।

### अग्निपथ योजनाः सरकार ने बढ़ाई उम्र सीमा

## इस साल सेना में भर्ती के लिए 23 वर्ष तक के युवा कर सकेंगे आवेदन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने दो साल से कोरोना के कारण सेना भर्ती न होने से उम्र पार कर चुके युवाओं को बड़ी राहत दी है। ऐसा युवा अब अग्निपथ योजना के तहत सेना में भर्ती हो सकेंगे। दरअसल सरकार ने इस योजना के तहत उम्मीदवारों की आयु सीमा 21 साल से बढ़ाकर 23 साल कर दी है। हालांकि, उम्र की यह सीमा केवल इस साल के लिए बढ़ाई है। अभी तक भर्ती के लिए सरकार ने साढ़े 17 साल से लेकर 21 साल तक की आयु निर्धारित की थी। मालूम हो कि पिछले दो साल से सेना में भर्ती नहीं हो रही थी। इसलिए सरकार ने सेना में भर्ती की तैयारी कर रहे 23 साल तक की आयु वाले युवाओं को अग्निपथ योजना के तहत यह मौका दिया है। 12वीं पास उम्मीदवार भर्ती के लिए पात्र होंगे। फिजिकल स्टैंडर्ड और फिजिकल एफिशिएंसी टेस्ट के आधार पर ही उम्मीदवारों का चयन होगा, जो 4 वर्षों के लिए अग्निवीर के तौर पर सेना में अपनी सेवाएं दे सकेंगे।



#### 40 हजार तक मिलेगी सैलरी

इस योजना के तहत हर साल करीब 45 हजार युवाओं को सेना में शामिल किया जाएगा। चयनित युवाओं को चार साल के लिए सेना में सेवा देने का मौका मिलेगा। इन चार वर्षों में अग्निवीरों को 6 महीने की बेसिक मिलिट्री ट्रेनिंग दी जाएगी। अग्निवीरों को 30 हजार से 40 हजार महीना सैलरी व अन्य फायदे दिए जाएंगे। इन दौरान अग्निवीर तीनों सेनाओं के स्थाई सैनिकों की तरह अवॉर्ड, मेडल और इंश्योरेंस कवर पाएंगे। 48 लाख का बीमा कवर मिलेगा। अगर सेवा के दौरान शहीद या दिव्यांग हो गए, तो 44 लाख तक का मुआवजा दिया जाएगा।

## कुलगाम में चार आतंकी ढेर, दो जवान शहीद

**श्रीनगर (भाषा)।** जम्मू कश्मीर के कुलगाम जिले में शनिवार को मुठभेड़ में चार आतंकवादी मारे गए और दो जवान शहीद हो गए। जिले में दो जगहों पर मुठभेड़ हुई। अधिकारियों ने बताया कि कुलगाम के फ्रिसल चिन्नीगाम इलाके में घेराबंदी और तलाश अभियान शुरू किए जाने के दौरान आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ हो गई। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में अब तक चार आतंकवादी मारे गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि मुठभेड़ स्थल की ड्रोन फुटेज में चार शव पड़े हुए दिखाई दे रहे हैं, लेकिन गोलीबारी अब भी जारी रहने के कारण शव अभी बरामद नहीं किए जा सके हैं। मुठभेड़ स्थल का दौरा करने वाले कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) वी.के. बिरधी ने कहा कि अभियान जारी रहेगा।

## 2027 तक भारतीय सेना में शामिल होगा जोरावर

**सूरत(एजेंसी)।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने शनिवार को गुजरात के सूरत में स्वदेशी लाइट टैंक 'जोरावर' का सफल परीक्षण किया। डीआरडीओ ने इसे लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) के साथ मिलकर तैयार किया है। सूरत के हजीरा में एलएंडटी के प्लांट में जोरावर की टेस्टिंग के दौरान डीआरडीओ के चीफ समीर वी कामथ भी मौजूद रहें। उन्होंने कहा कि टैंक को सारी टेस्टिंग के बाद साल 2027 तक इंडियन आर्मी में शामिल किए जाने की उम्मीद है। शुरुआत में सेना को 59 टैंक दिए जाएंगे। इनकी संख्या 295 तक ले जाने की प्लानिंग है। लाइट वेट जोरावर टैंक को लद्दाख जैसे हाई एल्टिट्यूड वाले इलाकों में तैनात किया जाएगा। रूस और यूक्रेन युद्ध से सबक लेते हुए टैंक में लोइटरिंग म्यूनिशन यूएसवी जोड़ा गया है।

*दिल्ली शराब नीति*

### सिसोदिया की हिरासत 15 जुलाई तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने शराब नीति से जुड़े सीबीआई केस में पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 15 जुलाई तक बढ़ा दी है। कोर्ट ने इससे पहले सिसोदिया की कस्टडी 6 जुलाई तक बढ़ाई थी। आज उनकी हिरासत खत्म हो रही थी।

### डीयू ने अंकपत्र सुधार के लिए शुल्क दोगुना किया

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली विवि (डीयू) ने डिग्री प्रमाणपत्र या अंकपत्र में कोई सुधार चाहने वालों के लिए शुल्क दोगुना कर दिया है। विश्वविद्यालय के कुलपति योगेश सिंह द्वारा गठित एक समिति द्वारा की गई सिफारिशों के बाद शुल्क में वृद्धि की गई है। डीयू ने स्नातक के दिन से छह साल के भीतर अंकपत्र में सुधार चाहने वालों के लिए शुल्क 500 रुपये से बढ़ाकर 1,000 रुपये और छह साल से अधिक की अवधि के लिए 1,000 रुपये से बढ़ाकर 2,000 रुपये कर दिया है।

### हादसों में बीएसएफ के दो जवानों की जान गई

**जम्मू (भाषा)।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ और उधमपुर जिलों में शनिवार को अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) समेत बीएसएफ के दो जवानों की मौत हो गई। हिमाचल निवासी एएसआई परषोत्तम सिंह की कार कठुआ में राजबाग के पास दुर्घटनाग्रस्त होकर उझ नहर में जा गिरी। दूसरी घटना उधमपुर की है, जहां चेनानी-नाशरी सुरंग के अंदर टैक्सी के पलटने से बीएसएफ के जवान अमित शुक्ला की मौत हो गई।







## खबर संक्षेप

### अग्निवीर के लिए आवेदन 28 तक

**कैथल।** विंग कमांडर एसवीजी रेड्डी ने बताया कि पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख के योग्य युवाओं की भारतीय वायु सेना में अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर के रूप में भर्ती प्रक्रिया आयोजित की जा रही है। पात्र युवा व युवतियां 8 जुलाई 2024 से 28 जुलाई 2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### पेड़ से टकराई कार युवक की मौत

**फतेहाबाद।** गांव रतनगढ़ के पास एक कार पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में जहां एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पत्नी का आरोप है कि रतिया के एक व्यक्ति ने कार को लापरवाही से चलाते हुए कार को पेड़ से टकराया जिस कारण उसके पति की मौत हुई है। इस मामले में पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं जांच शुरू कर दी है।

### चचेरे भाई पर चाकू से वार कर की हत्या

**सिरसा।** शहर की रानियां चुंगी पर दो चचेरे भाईयों में किसी बात पर कहासुनी हो गई। तैश में आए एक भाई ने दूसरे पर चाकू से वार कर उसकी हत्या कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मृतक के परिजनों के बयान दर्ज कर आरोपी के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया। रानियां चुंगी निवासी हरप्रीत सिंह उर्फ टोनी पेंटर का काम करता था। बताया गया कि शुक्रवार रात को हरप्रीत अपने घर में बैठा था। इसके बाद वह अपने चाचा के बेटे अर्शदीप उर्फ आशु के साथ बाहर चला गया।


### कंपनी कर्मी को पिकअप ने मारी टक्कर, पैर कटा

**गुरुग्राम।** कंपनी के काम से लौटकर घर दल्लि जा रहे एक व्यक्ति को ओला बाइक से आते समय एक पिकअप ने टक्कर मार दी। इस हादसे में उसके एक पैर पूरी तरह डैमेज हो गया, जिससे अस्पताल में एक पैर को घुटने से ऊपर से काटना पड़ा। ऐसे में घायल क पत्नी ने बजघेड़ा थाना में शिकायत देकर टक्कर मारने वाली पिकअप व चालक क पता लगाकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। वहीं पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# शंभू बॉर्डर खुलवाने को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर

## किसान नेताओं के साथ हरियाणा और पंजाब सरकार को पार्टी बनाया

- कहा-छह महीने से हाईवे बंद होने से अंबाला व आसपास का कारोबार बंद, मुश्किल हो गई आम नागरिकों की जिंदगी
- शंभू बॉर्डर बंद होने के कारण सरकारी बसों को रूट डायवर्ट किया हुआ है जिससे तेल का खर्च बढ़ रहा है






**अंबाला।** बंद पड़े शंभू बॉर्डर का दृश्य।

**अस्थाई घर बना लिए**

शंभू बॉर्डर के आसपास किसानों ने अस्थाई घर बना लिए हैं। ऐसा लगता है कि जैसे अब शंभू बॉर्डर कभी खुलेगा ही नहीं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

कई महीनों से बंद पड़े शंभू बॉर्डर को खुलवाने के लिए पंजाब- हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दायर हो गई। एडवोकेट वासु रंजन शांडिल्य की ओर से यह याचिका दायर की गई है। जनहित याचिका में बताया कि 5 महीने से नेशनल हाईवे 44 बंद पड़ा है। इससे अंबाला के दुकानदार, व्यापारी, छोटे बड़े रेहड़ी फड़ी वाले भुखमरी के कगार पर आ गए हैं। याचिका में मांग की गई है कि शंभू बॉर्डर को तुरंत प्रभाव से खोलने के आदेश दिए जाएं। याचिका में पंजाब व हरियाणा सरकार सहित किसान नेता सरवण सिंह पंढेर व जगजीत सिंह डल्लेवाल को भी पार्टी बनाया है। याचिका में हाईकोर्ट को बताया कि शंभू बॉर्डर बंद होने के कारण सरकारी बसों को रूट डायवर्ट किया हुआ है जिससे तेल का खर्च बढ़ रहा है। अंबाला व शंभू के आसपास के मरीज बॉर्डर बंद होने के कारण दिक्कत में हैं। एंबुलेंस के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हरियाणा पंजाब के वकीलों को भी अंबाला से पटियाला व पटियाला वालों को अंबाला की अदालतों में आने में भारी परेशानी हो रही है। याचिका में यह भी बताया गया कि फरवरी 2024 से गैर कानूनी तरीके से संविधान का उल्लंघन कर नेशनल हाईवे को बंद किया हुआ है। शंभू बॉर्डर के आसपास किसानों ने अस्थाई घर बना लिए हैं। ऐसा लगता है कि जैसे अब शंभू बॉर्डर कभी खुलेगा ही नहीं। याचिका में कहा गया कि हाईवे बंद करना जनता के मौलिक अधिकारों का हनन है जबकि फरवरी 2024 से शंभू बॉर्डर बंद पड़ा है जिस कारण अंबाला जिला व पटियाला जिला का छोटा बड़ा काम बंद हो चुका है। यह हाईवे पंजाब हिमाचल, जम्मू कश्मीर को जोड़ता है। बंद होने से न केवल सरकारों को नुकसान हो रहा है आम आदमी तो बिना किसी वजह से भुखमरी के कगार पर आ गया है।

### राज्यसभा सीट भाजपा को गिफ्ट करने की तैयारी में भूपेंद्र हुड्डा: दिग्विजय चौटाला

- दीपेंद्र की खाली हुई राज्यसभा सीट पर परिवार से उतारें उम्मीदवार

**चंडीगढ़।** जननायक जनता पार्टी के प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने नेता प्रतिपक्ष भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के राज्यसभा के प्रस्ताव को एक जुमला बताया है। दिग्विजय चौटाला ने कहा कि दीपेंद्र हुड्डा द्वारा खाली की गई राज्यसभा सीट पर भूपेन्द्र सिंह हुड्डा को अपनी पत्नी आशा हुड्डा या फिर अपनी पुत्रवधु को चुनाव में उतारना चाहिए। दिग्विजय ने कहा कि राज्यसभा की इस सीट पर तो भूपेंद्र हुड्डा अपने परिवार का हक समझते हैं और इसीलिए उन्होंने कुमारी सैलजा की सीट छीनकर दीपेन्द्र को दिलवाई थी। उन्होंने खुद को उम्मीदवार बनाए जाने की पेशकश पर भूपेंद्र हुड्डा का धन्यवाद जताया लेकिन कहा कि हुड्डा साहब को राजनीतिक चालबाजी करने की बयाज विपक्ष के नेता होने के नाते राज्यसभा चुनाव से पीठ दिखाकर भागना नहीं चाहिए। सैलजा की सीट छीनकर दीपेन्द्र को दे दिया था।

**नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा ने सरकार पर बोला हमला**

## भाजपा सरकार का मतलब फ्लॉप योजनाओं का अंबार

- किसानों को एमएसपी देने की बजाए भावांतर भरपाई योजना का झुनझुना बजा रही भाजपा



सर्वे के आधार पर मजबूत और जिताऊ उम्मीदवार को ही मिलेगी टिकट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष चौधरी भूपेंद्र हुड्डा का कहना है कि भाजपा सरकार का मतलब फ्लॉप योजनाओं का अंबार है। 10 साल में इस सरकार की एक भी योजना कामयाब और जनहितैषी साबित नहीं हुई। सीएम विंडो, हरपथ एप, क्षतिपूर्ति पोर्टल, मेरी फसल मेरा ब्यौरा, फैमिली आईडी, प्रॉपर्टी आईडी, ई-टेंडरिंग और आयुष्मान समेत हरेक योजना इतनी बुरी तरह विफल साबित हुईं कि खुद सरकार ने इस बात को मानना पड़ा। भाजपा की फ्लॉप योजनाओं में ही भावांतर भरपाई योजना भी शुमार है। इस योजना ने सब्जी उत्पादक किसानों के साथ-साथ बाजरा और सूरजमुखी उत्पादकों के साथ भी बड़ा धोखा किया है। दरअसल, एमएसपी देने में पूरी तरह नाकाम बीजेपी किसानों को भावांतर योजना का झुनझुना पकड़ा देती है और बाद में उनकी सुध तक नहीं लेती। हुड्डा अपने आवास पर पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। समस्त दादूपुर नलवी नहर संघर्ष समिति और कौशल निगम कर्मियों के प्रतिनिधिमंडलों ने ज्ञापन सौंपा। सर्वे के आधार पर जिताऊ उम्मीदवार को ही टिकट दिया जाएगा। किसानों ने मांग कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर दादूपुर-नलवी नहर को फिर से चलाया जाए ताकि भूमिगत जलस्तर में सुधार हो सके।

### सेकेंडरी की गणित विषय की परीक्षा में नकल के 6 केस दर्ज

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित करवाई जा रही सेकेंडरी शैक्षिक गणित की परीक्षा में अभी तक प्राप्त रिपोर्ट अनुसार कुल 6 अनुचित साधन के मामले दर्ज किए गए। यह जानकारी देते हुए बोर्ड अध्यक्ष डॉ. वीपी यादव ने बताया कि उनके उड़नदस्ते द्वारा जिला करनाल एवं पानीपत के परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया, जहां पानीपत के परीक्षा केन्द्र एसडी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, पानीपत 22 पर नकल का 01 केस पकड़ा। उन्होंने बताया कि बोर्ड सचिव के उड़नदस्ते द्वारा जिला नूंह एवं फरीदाबाद के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया तथा जिला नूंह के परीक्षा केन्द्र राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नूंह 03 पर अनुचित साधन प्रयोग का 01 मामला दर्ज किया गया। उड़नदस्ते द्वारा जिला भिवानी के परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया गया।

**मोरिंगा का मौसम पर प्रभाव**

## हकृवि व न्यूजीलैंड के मैसी विवि सहजन पर करेंगे शोध

- मानव विकास मंत्रालय देगा वित्तीय मदद, मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार की चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय और मैसी यूनिवर्सिटी, न्यूजीलैंड के शोधार्थी एवं शिक्षक मोरिंगा (ड्रमस्टिक) पर मौसम में हो रहे बदलाव की वजह से पड़ने वाले प्रभाव पर संयुक्त रूप से रिसर्च का कार्य करेंगे। संयुक्त रूप से किए जाने वाले शोध के लिए केंद्रीय मानव विकास ने स्पार्क परियोजना के तहत वित्ति सहायता स्वीकृत की है। वित्ति सहायता की स्वीकृति के बाद हकृवि ने शोध के लिए दो टीमों का गठन किया है। जो न्यूजीलैंड विवि के शोधार्थियों के साथ मिलकर अलग अलग स्थानों से सैंपल लेंकर उन पर रिसर्च करेंगे। हकृवि के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने यह जानकारी दी।



हिसार। कुलपति प्रो. बी.आर. के साथ मोरिंगा पर रिसर्च करने वाली टीम के सदस्य व अन्य अधिकारी।

**हिमालय रीजन, उतराखंड व दक्षिणी क्षेत्रों से लेंगे सैंपल**

कुलपति ने बताया कि शोध के लिए गठित टीमें हिमालय रीजन, उतराखंड व दक्षिणी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से मोरिंगा के सैंपल लिए जाएंगे।

### नारनौल में खुलेगा प्रदेश का पहला पीएम दिव्याशा केंद्र

- वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग लोगों को सहायक उपकरण व कृत्रिम अंग उपलब्ध होंगे

**नारनौल।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के तहत भारत सरकार के उपक्रम एलिम्को की पहल पर प्रदेश का पहला प्रधानमंत्री दिव्याशा केंद्र (पीएमडीके) महेंद्रगढ़ जिले में खुलने जा रहा है। इसके लिए शनिवार को उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने एलिम्को के अधिकारियों के साथ बैठक करके जिला रेडक्रॉस समिति की अध्यक्ष होने के नाते एमओयू साइन किया है। इस अवसर पर डीसी ने बताया कि प्रधानमंत्री दिव्याशा केंद्र खोलने का उद्देश्य वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग लोगों को सहायक उपकरण व कृत्रिम अंग उपलब्ध कराना है।

### आरएसएस ने राजेश कुमार को प्रांत प्रचारक प्रमुख नियुक्त किया

- अनिल कुमार प्रांत शारीरिक प्रमुख और पुरुषोत्तम प्रांत विद्यार्थी कार्य प्रमुख का दायित्व देखेंगे

**चंडीगढ़।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की ओर से संगठन में बदलाव करते हुए विभिन्न पदों पर दायित्व दिए गए हैं। इसके बाद में सूची जारी कर दी गई है। इस क्रम में राजेश कुमार को प्रांत प्रचारक प्रमुख नियुक्त किया गया है। जबकि अनिल कुमार प्रांत शारीरिक प्रमुख और पुरुषोत्तम प्रांत विद्यार्थी कार्य प्रमुख का दायित्व देखेंगे। वीरभान फरीदाबाद विभाग प्रचारक के तौर पर और प्रदीप रोहतक विभाग प्रचारक जबकि सुंदर लाल गुरुग्राम विभाग प्रचारक, पुनीत हिसार विभाग प्रचारक नियुक्त किए गए हैं। हरीश अंबाला विभाग प्रचारक, सचिन फरीदाबाद विद्यार्थी कार्य प्रचारक और भिवानी 4 इकाई प्रचारक केंद्र बहल।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **रफुल, पुत्र** मीना, **पता:** ग्राम मुंडी गढ़ी थाना घरौंडा, जिला। करनाल., **हरियाणा FIR No: 772/2017, U/s. 33/38/58 Delhi Excise Act, पुलिस थाना रणहौला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रफुल**, मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **रफुल**, फ़रार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **रफुल**, केस **FIR No: 772/2017, U/s. 33/38/58 Delhi Excise Act, पुलिस थाना रणहौला, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **06.08.2024** को या उससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
अंकित करन सिंह
एल.डी. महानगर दण्डाधिकारी–08
(पश्चिमी) कमरा नं. 30
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/8592/OD/2024
(Court Matter)

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **प्रदीप, पुत्र** श्री राजकुमार **पता:** गली नंबर 13, वार्ड नंबर 30 मयूर विहार, सोनीपत, **हरियाणा FIR No. 142/14, पुलिस थाना कंझावला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रदीप**, मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रदीप**, फ़रार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **प्रदीप**, केस **FIR No. 142/14, पुलिस थाना कंझावला, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.08.2024** को या उससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
श्री अपूर्व भारद्वाज
महानगर दण्डाधिकारी (उत्तर पश्चिम)
कमरा नं. 113 प्रथम तल
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/8318/RD/2024
(Court Matter)

### नूंह में महिलाओं को गर्भवती करने के नाम पर करते थे ठगी, दो गिरफ्तार

**नूंह।** नूंह साइबर थाना पुलिस ने दो ऐसे साइबर ठगों को दबोचा है जो महिलाओं को गर्भवती करने के नाम पर रुपयों का लालच देकर लोगों से ठगी करते थे। इसके लिए बाकायदा यह ठग सोशल मीडिया के माध्यम से फर्जी विज्ञापन डालकर लोगों को झांसी में लेते थे। पहचान एजाज कुतुकपुर शाह चोखा थाना पिनंगवा के रूप में हुई है।

**इनेलो-जजपा की सियासी जमीन दरकी, ढूंढ रहे बड़ा चेहरा**

## कालांवाली विस में भाजपा और कांग्रेस के बीच सीधी टक्कर होने के आसार

महाबीर गोदारा ▶▶| सिरसा



शीशपाल ,चरणजीत सिंह रोड़ी, सागर केहरवाला, राजेंद्र देसूजोधा, बलकौर सिंह।

पंजाब की सीमा से सटे कालांवाली विधानसभा में इस बार सियासी समीकरण बदले हुए हैं। चुनावी दंगल में उतरने के लिए पहलवान भी टिकट के लिए जोरआजमाइश कर रहे हैं। नेताओं के पाला बदलने का भी खेल शुरू हो गया है। उल्लेखनीय है कि सिख बाहुलय इस विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के शीशपाल केहरवाला विधायक हैं। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को इस हलके से जबरदस्त लीड मिली, जिसके चलते पार्टी कार्यकर्ता उत्साहित हैं। अक्टूबर माह में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियों ने जोर-शोर से तैयारियां शुरू कर दी हैं। कांग्रेस की तरफ से विधायक शीशपाल केहरवाला एक बार फिर टिकट के सबसे मजबूत दावेदार हैं। सीटिंग एमएलए होने के नाते पार्टी उन पर दाव लगा सकती है। शीशपाल के अलावा पूर्व सांसद एवं पूर्व विधायक चरणजीत सिंह रोड़ी भी टिकट के लिए जोरआजमाइश कर रहे हैं। चरणजीत सिंह का पैतृक गांव रोड़ी इसी विधानसभा हलके में पड़ता है और वे पूर्व में पहली बार कालांवाली से ही इनेलो की टिकट पर विधायक बने थे। बाद में उन्होंने इनेलो को अलविदा कह दिया और कांग्रेस में शामिल हो गए। चरणजीत रोड़ी सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा खेमे से जुड़े हुए हैं और सिरसा जिला में सैलजा के कार्यक्रमों में उनकी सक्रिय भागीदारी रहती है। सिख बाहुल्य हलका होने के कारण पार्टी की ओर से चरणजीत सिंह रोड़ी के नाम पर भी विचार किया जा सकता है।

**भाजपा की ओर से तीन लोग दावेदार**

भाजपा की ओर से इस विधानसभा के लिए तीन प्रमुख चेहरे दावेदारी जता रहे हैं। 2014 में भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ने वाले राजेंद्र सिंह देसूजोधा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की मौजूदगी में दोबारा पार्टी में शामिल हो गए। वे भी टिकट के लिए प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। इन दोनों के अलावा डा. सागर केहरवाला भी दावदारों के लाइन में हैं। सागर के पिता स्व. मनीराम केहरवाला ऐलनाबाद आरक्षित सीट से विधायक रहे हैं। सागर केहरवाला की संघ में अच्छी पैठ हैं और वे संघ के सहारे अपनी दावेदारी जता रहे हैं।

### जॉब

☞ सुनहरा अवसर सरकारी नौकरी, भारतीय वनविभाग द्वारा निकाली पक्की सीधी भर्ती परमानेंट बेसेस पर, (10008) पद-फॉरेस्टगार्ड, क्लर्क, वनपाल, चपरासी, पदों पर (10वीं-12वीं) पास लड़के लड़कियां आवेदन करे। सैलरी-(28600-35600) कॉल/व्हाट्सएप करे-8274989318

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**अमरनाथ यात्रा विशेष रेलगाड़ी–2024**

अमरनाथ यात्रा के दौरान तीर्थयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा जबलपुर एवं श्रीमाता वैष्णों देवी कटड़ा के बीच विशेष रेलगाड़ी नीचे दी गई समय-सारणी के अनुसार चलाई जायेगी:-

| 01707/01708 जबलपुर - श्रीमाता वैष्णों देवी कटड़ा - जबलपुर एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी | | | | 08 फेरे |
|---|---|---|---|---|
| रेलगाड़ी सं.: 01707 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 01708 | |
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 06:00 | जबलपुर | 23:25 | ---- |
| 22:50 | 22:52 | हज़रत निज़ामुद्दीन | 06:21 | 06:23 |
| 23:15 | 23:30 | नई दिल्ली | 05:55 | 06:10 |
| 12:15 | ---- | श्रीमाता वैष्णों देवी कटड़ा | ---- | 18:10 |

**चलने के दिन: 01707 जबलपुर** से प्रत्येक सोमवार दिनांक 15.07.2024 से 05.08.2024 तक और **01708 श्रीमाता वैष्णों देवी कटड़ा** से प्रत्येक मंगलवार दिनांक 16.07.2024 से 06.08.2024 तक।

**ठहराव:** कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ग्वालियर, मुरेना, आगरा छावनी, मथुरा जं., फरीदाबाद, शकूर बस्ती, रोहतक जं., जींद, जाखल जं., लुधियाना जं., जालंधर छावनी, पठानकोट छावनी, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन।

**स्थान:** प्रथम वाता., वाता.-2 टीयर, वाता.-3 टीयर, शयनयान एवं सामान्य ।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि उपरोक्त रेलगाड़ियों के मार्ग में पड़ने वाले स्टेशनों एवं उनकी विस्तृत समय-सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा – हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
2056/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## राशिफल

**मेष** दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला** वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।


**धनु** क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।


## शब्द पहेली - 5564




**बाएँ से दाए-**
1. फिसलना-4
5. गुनाह, जुर्म-4
8. नाव चलानेवाला-3
9. लड़ी, श्रंखला -2
11. ईर्ष्या, डाह-3
12. उद्देश्य, वजह-4
14. भोजन-2
15. थकावट-3
17. जी, चित-2
19. मंत्र पढ़ना-2,3
22. राजपुत्र, राज कुंवर-2,3
25. यात्रा करनेवाला-2
26. समझौता, संधि-3
27. ईसाई साध्वी-2
28. मनमुटाव-4
30. नौकर-3
31. बदला-2
33. गर्भ, कोख-3
35. रुआफ-4
36. सज्जनता-4

**ऊपर से नीचे**
2. लम्हा, क्षण-2
3. नामित, मनोनीत-4
4. रनिवास, हरम-5
5. बुद्धि-3
6. गोंद, लाख-2
7. हृदयगति, स्पंदन- 4
10. विम्मी व सुनील दत्त की फिल्म-4
13. शिक्षा, पाठ-3
16. कालिख, कालापन-3
17. इंकार, मनाही-2
18. झंडा, पताका-2
20. चौकसी, रखवाली-3
21. मोटा आटा, सूजी -2
22. निशा, रात-2
23. अच्छे कुल का-3
24. प्रस्थान, विदा-4
25. यान चलाने वाला-2,3
26. सुंदरी, षोडशी, कुमारी-4
28. प्रार्थना, मनोकामना-4
29. गरल, विष-3
32. ताला (अंग्रेजी-2)
34. पात्र, थापा, संचक, डाई -2

**शब्द पहेली -5563 का हल**





क्रिकेट : आठ साल में जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत की पहली हार

# भारत की युवा टीम को पहले टी20 में मिली हार, 13 रन से जीता जिम्बाब्वे

एजेंसी ▶▶| हरारे

शुभमन गिल की अगुआई वाली युवा भारतीय टीम बल्लेबाजों के निराशाजनक प्रदर्शन के कारण शनिवार को यहां पांच मैच की श्रृंखला के पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में कम अनुभवी जिम्बाब्वे से 13 रन से पराजित हो गई। लेग स्पिनर रवि बिश्नोई की अगुआई में भारतीय गेंदबाजों ने जिम्बाब्वे को नौ विकेट पर 115 रन पर रोक दिया। पर उछाल भरी पिच पर भारतीय बल्लेबाजों को काफी मुश्किल आई जिसने पावरप्ले में चार विकेट गंवा दिए और पूरी टीम 19.5 ओवर में 102 रन पर सिमट गई। हाल में टी20 विश्व कप जीतने वाले भारत ने इस दौरे पर युवा खिलाड़ियों को उतारा था और उनके आसानी से जिम्बाब्वे पर जीत की उम्मीद थी। लेकिन जिम्बाब्वे ने तेज गेंदबाज टेंडाई चतारा और कप्तान सिंकदर रजा की बदौलत भारत को हराकर उलटफेर कर दिया। यह 2024 में भारत की टी20 अंतरराष्ट्रीय में पहली हार थी। यह आठ साल में जिम्बाब्वे के खिलाफ भारत की पहली हार भी है।



### अभिषेक, रियान, ध्रुव ने किया पदार्पण

भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने टीम में तीन नए चेहरों को शामिल किया है जिसमे अभिषेक शर्मा, रियान पराग और ध्रुव जुरेल शामिल हैं। अभिषेक और रियान ने जहां भारत के लिए पदार्पण किया है, वहीं जुरेल टीम के लिए पहली बार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने उतरे हैं। दिलचस्प बात यह है कि रियान को भारतीय टीम की कैप उनके पिता ने सौंपी।

### स्कोर बोर्ड

| जिम्बाब्वे | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| वेसली मेडेवेरे बो बिश्नोई | 21 | 22 | 3 | 0 |
| इनोसेंट केइया बो मुकेश | 00 | 01 | 0 | 0 |
| ब्रायन बेनेट बो बिश्नोई | 22 | 15 | 5 | 0 |
| रजा का बिश्नोई बो आवेश | 17 | 19 | 1 | 1 |
| मायर्स का और बो सुंदर | 23 | 22 | 2 | 0 |
| जोनाथन कैंपबेल रन आउट | 00 | 01 | 0 | 0 |
| क्लाइव मडांडे नाबाद | 29 | 25 | 4 | 0 |
| मसाकाजा स्ट जुरेल बो सुंदर | 00 | 01 | 0 | 0 |
| जोंगवी पगबाधा बो बिश्नोई | 01 | 03 | 0 | 0 |
| ब्लेसिंग मुजाराबानी बो बिश्नोई | 00 | 02 | 0 | 0 |
| टेंडाइ छटारा नाबाद | 00 | 09 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 02, कुल : 20 ओवर में 115/9
गेंदबाजी : खलील 3-0-28-0, मुकेश 3-0-16-1, बिश्नोई 4-2-13-4, अभिषेक 2-0-17-0, आवेश 4-0-29-1, सुंदर 4-0-11-2

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अभिषेक का मसाकाजा बो बेनेट | 00 | 04 | 0 | 0 |
| शुभमन गिल बो रजा | 31 | 29 | 5 | 0 |
| गायकवाड़ का केइया बो मुजाराबानी | 07 | 09 | 1 | 0 |
| रियान पराग का मावुता बो छटारा | 02 | 03 | 0 | 0 |
| रिंकू सिंह का बेनेट बो छटारा | 00 | 02 | 0 | 0 |
| ध्रुव जुरेल का मेडेवेरे बो जोंगवी | 06 | 14 | 1 | 0 |
| सुंदर का मुजाराबानी बो छटारा | 27 | 34 | 1 | 1 |
| रवि बिश्नोई पगबाधा बो रजा | 09 | 08 | 2 | 0 |
| आवेश का रजा बो मसाकाजा | 16 | 12 | 3 | 0 |
| मुकेश कुमार बो रजा | 00 | 03 | 0 | 0 |
| खलील अहमद नाबाद | 00 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 04, कुल : 19.5 ओवर में 102/10
गेंदबाजी : बेनेट 1-1-0-1, मसाकाजा 3-0-15-1, छटारा 3.5-1-16-3, मुजाराबानी 4-0-17-1, जोंगवी 4-0-28-1, रजा 4-0-25-3

# रोनाल्डो का सपना टूटा, पुर्तगाल बाहर
## फ्रांस-स्पेन में होगी सेमीफाइनल की जंग



एजेंसी ▶▶| हैम्बर्ग

फ्रांस ने पुर्तगाल को पेनल्टी शूटआउट में 5-3 से हराकर यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। फ्रांस सेमीफाइनल में स्पेन से भिड़ेगा जिसने एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैच में मेजबान जर्मनी को हराया। क्रिस्टियानो रोनाल्डो का खिताब के साथ टूर्नामेंट से विदाई लेने का सपना हार के साथ टूट गया। इस मुकाबले को रोनाल्डो बनाम काइलियन एमबापे के बीच जंग के रूप में देखा जा रहा था लेकिन आखिर में फ्रांसीसी खिलाड़ी अपने आदर्श फुटबॉलर पर भारी पड़ा। दोनों टीम ने एक दूसरे को कड़ी चुनौती दी लेकिन अतिरिक्त समय तक भी कोई टीम गोल नहीं कर पाई।



इसके बाद पेनल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया जिसमें पुर्तगाल के जोआओ फेलिक्स का शॉट गोल पोस्ट से टकरा गया। इसके बाद थियो हर्नांडेज़ ने निर्णायक किक को गोल में बदलकर फ्रांस को सेमीफाइनल में पहुंचा दिया।

### रोनाल्डो का संन्यास

पुर्तगाल की इस हार से 39 वर्षीय रोनाल्डो ने यूरोपीय चैंपियनशिप से भी विदा ली। वह पहले ही घोषणा कर चुके थे कि वह आखिरी बार इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं। रोनाल्डो ने रिकॉर्ड छह बार यूरोपीय चैंपियनशिप में हिस्सा लिया।

### स्पेन ने जर्मनी को हराया

**स्टुटगार्ट।** माइकल मेरिनो के अतिरिक्त समय के अंतिम क्षणों में किए गए गोल की मदद से स्पेन ने रोमांचक क्वार्टर फाइनल में मेजबान जर्मनी को 2-1 से पराजित करके यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। दोनों टीम निर्धारित समय तक 1-1 से बराबरी पर थी। जब मैच पेनल्टी शूटआउट की तरफ बढ़ रहा था तब स्थानापन्न खिलाड़ी मेरिनो ने 119वें मिनट में गोल करके अपनी टीम को यादगार जीत दिलाई।

# भारत की 23 सदस्यीय महिला टीम की घोषणा



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने शनिवार को म्यांमा के खिलाफ यांगून में नौ और 12 जुलाई को होने वाले दो मैत्री मैचों के लिए 23 सदस्यीय सीनियर महिला टीम की घोषणा की।

मुख्य कोच चाओबा देवी ने कहा, 'टीम में सीनियर और जूनियर खिलाड़ियों का मिश्रण है। मैं टीम के संयोजन से संतुष्ट हूं। पिछले महीने उज्बेकिस्तान के साथ खेलने के बाद हमने 10 दिन अंदर अपना राष्ट्रीय शिविर शुरू कर दिया।'

### भारतीय टीम

**गोलकीपर:** श्रेया हुड्डा, एलंगबाम पंथोई चानू, मैबाम लिनथोइंगम्बी देवी।
**डिफेंडर :** लोइटोंगबाम आशालता देवी, हेमम शिल्की देवी, संजू, वांगखेम लिनथोइंगम्बी देवी, अरुणा बाग। मिडफील्डर: नाओरेम प्रियंगका देवी, संगीता बसफोर, कार्तिका अंगमुथु, नेहा, नोंगमाईथेम रतनबाला देवी, मौसमी मुर्मू।
**फॉरवर्ड :** काजोल ह्यूबर्ट डिसूजा, अंजू तमांग, सौम्या गुगुलोथ, संध्या रंगनाथन, करिश्मा पुरुषोत्तम शिरवोइकर, लिंडा कोम सेर्टो, प्यारी खाका, ज्योति, रिम्पा हलधर।

### अभय एशियाई टूर्नामेंट में दो स्वर्ण की दौड़ में शामिल

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह शनिवार को मलेशिया के जोहोर में एशियाई डबल्स स्क्वाश चैंपियनशिप में पुरुष युगल और मिश्रित स्पर्धा के फाइनल में पहुंच गए। शीर्ष वरीय अभय और वेलावन सेंथिलकुमार ने जापान के टोमोटाका एंडो और नाओकी हयाशी की जोड़ी पर 23 मिनट में 11-9, 11-2 से शानदार जीत से पुरुष युगल खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया जिसमें उनकी भिड़ंत मलेशिया के दूसरे वरीय ओंग साई हंग और स्याफिक कमाल की जोड़ी से होगी।

# प्रज्ञानानंदा और गुकेश हारे कारुआना ने जीता खिताब

**बुखारेस्ट।** भारत के आर प्रज्ञानानंदा और डी गुकेश को चार खिलाड़ियों के बीच खेले गए टाइब्रेकर में हार का सामना करना पड़ा जिसमें दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी फैबियानो कारुआना ने तीनों रैपिड गेम जीतकर सुपरबेट क्लासिक में अपने खिताब का सफलतापूर्वक बचाव किया। कारुआना क्लासिकल प्रारूप में नीदरलैंड के अनीश गिरी से हार गए, जिससे मुकाबला रोचक बन गया क्योंकि गुकेश, प्रज्ञानानंदा और फ्रांस के अलीरेजा फिरौजा सभी उनकी बराबरी पर पहुंच गए। प्रज्ञाननंदा मुख्य बाजी में अलीरेजा के सामने एक समय बेहद मुश्किल स्थिति में फंसे हुए थे। यदि फ्रांसीसी खिलाड़ी क्लासिकल दौर की इस बाजी को जीत जाता तो फिर वह कारुआना से आगे निकल जाते और विजेता का फैसला करने के लिए टाइब्रेकर की जरूरत नहीं पड़ती। लेकिन कारुआना हार गए, जबकि गुकेश और प्रज्ञाननंदा ने अपनी अपनी बाजियां ड्रॉ खेली जिससे विजेता का फैसला करने के लिए चार खिलाड़ियों के बीच टाइब्रेकर की स्थिति बन गई।




# विनेश फोगाट ने स्पेन ग्रां प्री का स्वर्ण पदक जीता



एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

पेरिस ओलंपिक जाने वाली भारतीय पहलवान विनेश फोगाट ने शनिवार को यहां स्पेन ग्रां प्री में महिलाओं के 50 किलोवर्ग का स्वर्ण पदक जीता। दो बार की विश्व चैम्पियनशिप कांस्य पदक विजेता विनेश ने फाइनल में मारिया तियुमेरेकोवा को 10-5 से हराकर पहला स्थान हासिल किया। पूर्व में रूस की खिलाड़ी रही मारिया अब तटस्थ खिलाड़ी के तौर पर खेलती है। बुधवार को ऐन मौके पर शेंगेन वीजा पाने वाली विनेश ने तीन मुकाबले जीतकर फाइनल में जगह बनाई। विनेश ने पहले क्यूबा की युस्नेलिस गुजमैन को 12-4 से हराया। इसके बाद कनाडा की मेडिसन पार्क्स को चित किया और सेमीफाइनल में कनाडा की ही कैटी डचाक को 9-4 से मात दी। विनेश इसके बाद 20 दिन की ट्रेनिंग के लिये फ्रांस जाएगी।



**इस सप्ताह दो बड़ी घटनाएं हुई हैं। कजाखिस्तान की राजधानी अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की खिर बैठक हुई। इसमें रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग पहुंचे, लेकिन भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नहीं पहुंचे, भारत की तरफ से विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शिरकत की। इससे यह संदेश गया है कि चीनी वर्चस्व वाले इस संगठन को भारत उतना तवज्जो नहीं दे रहा है। आतंकवाद को लेकर भारत की जो चिंता है, उस पर एससीओ कुछ स्टैंड लेता नजर नहीं आ रहा है, इसके साथ ही राष्ट्रों की संप्रभुता का सम्मान बड़ा मुद्दा रहा है, जिस पर एससीओ की मुखरता दिखती नहीं है। चीन की विस्तारवादी नीति एससीओ की सफलता में बाधक है। इस बार की एससीओ बैठक में चीन व रूस के बीच वर्चस्व को लेकर खींचातानी दिखी। ब्रिटेन में आम चुनाव हुए, जिसमें सत्ताधारी कंजर्वेटिव पार्टी को करारी शिकस्त मिली, लेबर पार्टी को प्रचंड जीत मिली। भारतीय मूल के ऋषि सुनक के नेतृत्व में कंजर्वेटिव पार्टी चुनाव लड़ रही थी। यह पार्टी 14 वर्ष से ब्रिटेन की सत्ता में थी। कीर स्टॉर्मर के नेतृत्व में लेबर पार्टी की नई सरकार बनने जा रही है। नए पीएम स्टॉर्मर के सामने ब्रिटेन की आर्थिक स्थिति को बेहतर करने की चुनौती है। एससीओ बैठक और ब्रिटेन चुनाव के नतीजे का भारत पर असर का विश्लेषण करता आजकल का यह अंक...**

# एससीओ में वर्चस्व को लेकर बढ़ रहा अंतर्द्वंद्व





विश्लेषण
प्रभात कुमार रॉय
विदेश मामलों के जानकार

**एससीओ के सदस्य देशों में पूरी दुनिया की लगभग 40 फीसदी आबादी निवास करती है। पूरी दुनिया की जीडीपी में एससीओ देशों की भागीदारी तकरीबन 20 फीसदी है। दुनियाभर के तेल रिजर्व का 25 फीसदी हिस्सा इन्हीं देशों के पास विद्यमान है। एससीओ शिखर सम्मेलन में इजराइल-हमास जंग, अफगानिस्तान के हालात और रूस-यूक्रेन युद्ध पर विशेष तौर पर चर्चा की गई। साथ ही एससीओ के सदस्य देशों के मध्य सुरक्षा सहयोग बढ़ाने पर भी गहन विचार विमर्श किया गया। रूस के लिए विशेषकर सम्मेलन बहुत महत्वपूर्ण रहा है, क्योंकि यूक्रेन में नाटो के विरुद्ध लड़ता हुआ रूस अपने सहयोगियों के साथ और घनिष्ठ रूप से जुड़ना चाहता है।**

वर्ष 2024 की तीन और चार जुलाई को कजाखिस्तान की राजधानी अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के 24वें सालाना शिखर सम्मेलन आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वयं शिरकत नहीं की। सन 2017 में भारत और पाकिस्तान ने एससीओ की सदस्यता ग्रहण की थी। तब से पहला अवसर है कि जब प्रधानमंत्री एससीओ के वार्षिक शिखर सम्मेलन में स्वयं शिरकत नहीं की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्थान पर भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एससीओ के 24वें शिखर सम्मेलन में भारत की ओर से प्रतिनिधित्व किया। एससीओ शिखर सम्मेलन में नरेंद्र मोदी के उपस्थित न होने के पीछे जो कारण बताया जा रहा है, वो यह है कि एससीओ शिखर सम्मेलन के दौर में ही वर्ष 2024 के आम चुनाव के बाद भारतीय संसद का पहला अधिवेशन आयोजित हुआ। अतः इस संसदीय अधिवेशन में नरेंद्र मोदी की उपस्थिति को अति आवश्यक करार दिया गया, इसलिए प्रधानमंत्री मोदी इस सम्मेलन में अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं करा सके। कुछ विश्लेषकों का विचार है कि मोदी ने सोचे समझे ढंग से इस सम्मेलन से अपनी दूरी बनाए रखी।

## 2023 में अध्यक्ष था भारत

हालांकि विगत वर्ष सन 2023 में एससीओ का अध्यक्ष भारत था और भारत में आयोजित 23वें एससीओ शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता भारत ने की थी। इन विश्लेषकों का कहना है क्योंकि यह संगठन जिसे चीन और रूस की संयुक्त कूटनीतिक पहल द्वारा स्थापित किया गया है वस्तुतः पश्चिम देशों के विरोध में सनद संगठन है। भारत एक गुटनिरपेक्ष राष्ट्र है और विश्व पटल पर अपनी विदेश नीति का शानदार संतुलन बनाए रखने के लिए नरेंद्र मोदी ने कूटनीतिक तौर पर एससीओ से अपनी स्वयं की दूरी बनाई है। अतः विदेश मंत्री को इस सम्मेलन में शिरकत के लिए भेजा गया। इन पंक्तियों का लेखक इन विश्लेषकों की बात से सहमत नहीं है कि नरेंद्र मोदी कूटनीतिक ढंग से एससीओ से अपनी दूरी स्थापित कर रहे हैं। नरेंद्र मोदी ने समस्त पश्चिम देशों और अमेरिका के कूटनीतिक दबाव का कड़ा मुकाबला करते हुए रूस के साथ भारत के ताल्लुकात को जरा भी नहीं बिगड़ने दिया है। साथ ही रूस से बहुत सस्ता तेल आयात करके भारत की अर्थव्यवस्था को क्षतिग्रस्त होने से किसी हद तक रोक लिया। एससीओ की कवायद में रूस की अग्रणी भूमिका रही है। विश्लेषकों का यह कहना कि नरेंद्र मोदी कूटनीतिक ढंग से एससीओ से अपनी दूरी कायम कर रहे हैं, वस्तुतः बुनियादी तौर पर एक गलत विश्लेषण है। एससीओ शिखर सम्मेलन में भारत को विशिष्ट स्थान प्रदान किया गया और इसमें शिरकत करने गए भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर को कजाकिस्तान के उप विदेश मंत्री अली बेग बाकायेव स्वयं हवाई अड्डे लेने पर पहुंच गए। जयशंकर ने कजाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री मूरत नूरतलेऊ से विशिष्ट मुलाकात की और भारत और कजाकिस्तान के मध्य राजनीतिक, आर्थिक और रणनीतिक साझेदारी पर विस्तार से विचार विमर्श किया। भारत में आयोजित हुए विगत एससीओ शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सीक्योर एससीओ का नारा बुलंद किया था। सिक्योर एससीओ की व्याख्या करते हुए नरेंद्र मोदी ने कहा था कि सामूहिक सुरक्षा, घनिष्ठ आर्थिक सहयोग, परस्पर गहन संपर्क, अटूट एकता , पर्यावरण सुरक्षा और संप्रभुता एवं क्षेत्रीय अखंडता के लिए परस्पर सम्मान।

## 2001 में स्थापना

उल्लेखनीय है कि एससीओ की स्थापना वर्ष 2001 में चीन और रूस द्वारा संयुक्त रूप से पूर्व सोवियत यूनियन के चार मध्य एशियाई देशों किर्गिस्तान, कजाकिस्तान, ताजिकिस्तान,और उज्बेकिस्तान के साथ मिलकर की गई थी। एससीओ की स्थापना यूरेशिया क्षेत्र में राजनीतिक, आर्थिक, अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के मकसद को हासिल करने के लिए की गई थी। प्रारंभ में रूस, चीन कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, ताजिकिस्तान उज़्बेकिस्तान इसके सदस्य देश बने। इसके बाद सन 2017 में पाकिस्तान और भारत ने एससीओ की सदस्यता ग्रहण की। ईरान द्वारा सन 2023 में एससीओ की सदस्यता ली गई। तुर्की एससीओ का स्थाई सदस्य देश नहीं है, किंतु एक डायलॉग पार्टनर के रूप में एससीए में शिरकत करेता रहा है। इस सम्मेलन में सऊदी अरब भी डायलॉग पार्टनर के तौर पर शामिल हुआ। सन 2024 के एससीओ सम्मेलन में पर्यवेक्षक देशों के तौर पर अफगानिस्तान और मंगोलिया ने भी हिस्सा लिया। ऐतिहासिक तौर पर देखें तो एससीओ का उदय 1996 में प्रारंभ हुआ था, जबकि रूस, चीन और चार मध्य एशियाई देशों के मध्य सीमाओं को लेकर एक समझौता किया गया था। इस सीमा समझौते को शंघाई फाइव का नाम प्रदान किया गया। चीन और रूस की पहल पर इस शंघाई फाइव समझौते का विस्तार यूरेशिया क्षेत्र के मित्र देशों के मध्य सहयोग को और अधिक बढ़ाने के लिए किया गया और फिर शंघाई सहयोग संगठन निर्मित हुआ। एससीओ में सदस्य देशों के मध्य व्यापार और सुरक्षा को बढ़ावा प्रदान करने के लिए संगठन की भूमिका को शक्तिशाली बनाने की पेशकश की गई। यह ऐसा दौर था जब सोवियत संघ का पराभव हो चुका था और नकारात्मक नतीजे और अव्यवस्थाओं के प्रति पूरे विश्व में चिंता व्याप्त थी। सोवियत संघ के बिखर जाने के बाद यह सभी देश एक क्षेत्रीय व्यवस्था को बखूबी कायम करना चाहते थे।

## 40 फीसदी आबादी एससीओ देशों में

इस वक्त एससीओ के सदस्य देशों में पूरी दुनिया की लगभग 40 फीसदी आबादी निवास करती है। पूरी दुनिया की जीडीपी में एससीओ देशों की भागीदारी तकरीबन 20 फीसदी है। दुनियाभर के तेल रिजर्व का 25 फीसदी हिस्सा इन्हीं देशों के पास विद्यमान है। एससीओ शिखर सम्मेलन में इजराइल-हमास जंग, अफगानिस्तान के हालात और रूस-यूक्रेन युद्ध पर विशेष तौर पर चर्चा की गई। साथ ही एससीओ के सदस्य देशों के मध्य सुरक्षा सहयोग बढ़ाने पर भी गहन विचार विमर्श किया गया। रूस के लिए विशेषकर सम्मेलन बहुत महत्वपूर्ण रहा है, क्योंकि यूक्रेन में नाटो के विरुद्ध लड़ता हुआ रूस अपने सहयोगियों के साथ और घनिष्ठ रूप से जुड़ना चाहता है। विशेषकर चीन के साथ जिसके साथ उसकी अंतरविरोध से परिपूर्ण मित्रता है, क्योंकि चीन अपनी विस्तारवादी फितरत के कारण रूस के ब्लाडीवोस्टक इलाके पर तकरीबन उस तरह से अपने स्वामित्व का दावा पेश करता रहा है, जिस तरह वह भारत के अरुणाचल पर अपना दावा पेश करता है। ऐतिहासिक तौर पर जब दोनों ही देश साम्यवादी थे, तब भी उनके बीच सीमा विवाद को लेकर 1968 में भीषण युद्ध लड़ा गया था। आजकल जारी यूक्रेन बनाम रूस युद्ध के दौर में चीन काफी बड़ी मात्रा में आधुनिकतम हथियारों की आपूर्ति रूस को कर रहा है, लेकिन इसके बावजूद भी दोनों देशों में बुनियादी अंतरविरोध सीमा विवाद को लेकर आज भी पहले की तरह कायम हैं। जिस तरह से भारत और चीन के मध्य सीमा विवाद को लेकर कूटनीतिक और सैन्य वार्ताएं निरंतर जारी रहती हैं, इस तरह से रूस और चीन के मध्य भी सीमा विवाद के निपटारे के लिए कूटनीतिक वार्ताएं चलती रहती है। सुरक्षा और व्यापार सहयोग की तमाम घोषणाओं के बावजूद भी एससीओ का मंच अभी तक एससीओ के बड़े प्रमुख देशों के मध्य उत्पन्न सीमा विवादों का कोई समुचित निदान ढूंढने कामयाब नहीं हो सका है। अतः एससीओ देशों के सम्मेलनों में सामूहिक सुरक्षा स्थापित करने की की बात करना बेमानी हो चली है। एससीओ प्राय ऐलान करता है की चरम पंथ, अलगाव और अतिवाद से सामूहिक तौर पर संघर्ष करना वस्तुतः एससीओ का मकसद है। अलगाव का आज के मुद्दों में सबसे गहरा ताल्लुक भारत और चीन से है। जहांकि एक तरफ चीन के उत्तर पश्चिम क्षेत्र में शिनजियांग में और और भारत के कश्मीर में अलगाववादी हिंसक तौर पर सक्रिय हैं।

## विश्व व्यवस्था को चुनौतीपूर्ण विकल्प

एससीओ के मंच से चीन और रूस मिलकर पश्चिमी देशों की अगुवाई वाली विश्व व्यवस्था को चुनौती पूर्ण विकल्प प्रदान करना चाहते हैं। चीन इसको इंटर सिविलाइजेशन डायलॉग कहकर पुकारता है चीन एशिया के मंच से अपने इस नजरिये को आगे बढ़ना चाहता है। एससीओ में वस्तुतः बड़े शक्तिशाली देश विद्यमान हैं। हालांकि रूस के खाते में अभी तक कोई बड़ी उपलब्धि नहीं है,क्योंकि वह तो अपने सदस्य देशों के मध्य जारी गहन अंतरविरोध हो और विवादों को सुलझाने में एकदम नाकाम साबित हुआ है। भारत और चीन के मध्य जो विवाद चल रहे हैं वह बाकायदा जारी है भारत और पाकिस्तान के मध्य कश्मीर को लेकर जो हिंसक संघर्ष और तल्खी बनी रही है, वह भी दूर होने का नाम नहीं ले रही है और एससीओ इसमें कुछ भी नहीं कर पा रहा है। एससीओ को को पश्चिमी मुल्कों के वैकल्पिक संगठन के तौर पर विश्व पटल पर पेश किया गया, किंतु सदस्य देशों के मध्य परस्पर विश्वास बहुत कम है। सदस्य देशों के बीच सहयोग और अपनी क्षमताओं को साझा करने और बड़ी उपलब्धियां हासिल करने के लिए जो यकीन स्थापित होना चाहिए, वह विद्यमान नहीं है। पश्चिमी देश एससीओ को लेकर ज्यादा चिंतित नहीं है। पश्चिमी देश एससीओ को विश्व राजनीति में ऐसी शक्ति के रूप तौर पर उसे नहीं देखते जिसकी उन्हें चिंता हो। इतना जरूर है कि चीन, रूस और ईरान के बीच बढ़ते हुए घनिष्ठ रिश्तों को वह लेकर पश्चिमी देश बेहद चिंतित है।

## सार्थकता सिद्ध करनी होगी

एससीओ को अगर वास्तव में कारगर बनाना है और और विश्व पटल पर अपनी सार्थकता सिद्ध करनी है तो फिर इसके सदस्य देशों को आपसी अंतरविरोधों को और सीमा विवादों को शांतिपूर्ण कूटनीतिक वार्ताओं द्वारा यथाशीघ्र हल कर लेना होगा ताकि परस्पर सहयोग, सामूहिक सुरक्षा और सशक्त व्यापार के समस्त संकल्प साकार रूप से व्यवहार में परिणत हो सके अन्यथा एससीओ को एक नाकाम और नकारा संगठन करार देने में ज्यादा वक्त पश्चिम को नहीं लगेगा। इस अंतरराष्ट्रीय पुनीत कार्य की जिम्मेदारी सबसे अधिक एससीओ के संस्थापक देशों की है। इसको को यदि सफल बनाना है तो भी चीन को अपनी विस्तारवादी रणनीति का संपूर्ण परित्याग करना होगा ताकि सदस्य देशों में यह विश्वास जाग सके कि वास्तव में ही अब सदस्य देशों में परस्पर सहयोग और विश्वास उत्पन्न हो सकेगा।

# ऋषि सुनक जीत कर भी हारे



दो टूक
विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

ब्रिटेन के पहले हिन्दू प्रधानमंत्री और सारी दुनिया के भारतवंशियों के प्रिय ऋषि सुनक अपनी कंजरवेटिव पार्टी को ब्रिटेन की संसद (हाउस ऑफ कॉमन्स) के लिए हुए चुनाव में जीत दिलवाने में नाकाम रहे। हालांकि वे अपनी सीट जीतने में सफल रहे। ऋषि सुनक ने उस परंपरा को ही आगे बढ़ाया था जिसका 1961 में श्रीगणेश सुदूर कैरिबियाई टापू देश ग्याना में छेदी जगन ने किया था। वे तब ग्याना के प्रधानमत्री बन गए थे। उनके बाद मॉरीशस में शिवसागर रामगुलाम से लेकर अनिरुद्ध जगन्नाथ, त्रिनिदाद और टोबैगो में वासुदेव पांडे, सूरीनाम में चंद्रिका प्रसाद संतोखी, अमेरिका में कमल हैरिस वगैरह राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति या प्रधानमंत्री बनते रहे। ये सभी उन मेहनतकशों की संतानें रही हैं, जिन्हें गोरे दुनियाभर में लेकर गए थे, ताकि वे वहां खेती कर लें। सुनक के पुरखे पंजाब से करीब 80 साल पहले केन्या चले गए थे और वहां से वे ब्रिटेन जाकर बसे। बेशक, आगे भी छेदी जगन और सुनक की तरह भारतवंशी भारत के बाहर राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री बनते रहेंगे।

## ये भारतीय जीते

बहरहाल, कीर स्टार्मर ब्रिटेन के अगले प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं, क्योंकि उनकी लेबर पार्टी को चुनाव में भारी जीत मिली है। प्रधानमंत्री सुनक ने उत्तरी इंग्लैंड में रिचमंड एवं नॉर्थलेरटन सीट पर 23,059 वोट के अंतर के साथ दोबारा जीत हासिल की। सुनक की पार्टी की शिवानी राजा ने लीसेस्टर ईस्ट की सीट जीत ली है। लीसेस्टर ईस्ट में लड़ाई में कई दिग्गज शामिल थे, जिनमें पूर्व सांसद क्लाउड वेबे और कीथ वाज शामिल थे जिन्होंने निर्दलीय के रूप में चुनाव लड़ा था। कीथ वाज भारतीय मूल के हैं। वे पहले संसद के सदस्य रहे हैं। शिवानी राजा शिक्षा की दुनिया से जुड़ी हुई हैं। वो लंबे समय से कंजरवेटिव पार्टी की एक्टिविस्ट हैं। भारत में जन्मे कनिष्का नारायण पूर्व वेल्स की सीट से जीत गए हैं। वे भी कंजरवेटिव पार्टी के उम्मीदवार थे। नारायण 12 साल की उम्र में ब्रिटेन आ गए थे। उन्होंने ऑक्सफोर्ड और फिर स्टैनफोर्ड में पढ़ाई की। भारतीय मूल की सुएला ब्रेवरमैन ने फेयरहैम और वाटरलूविल सीट जीती है। उनके पिता गोवा और मां तमिल मूल की हैं। सुनक ने पिछले साल ब्रेवरमैन को पार्टी की नीतियों के खिलाफ चलने के कारण उन्हें कंजरवटिव पार्टी से निकाल दिया था।

## इनकी भी धाक

पंजाबी हिन्दू परिवार से संबंध रखने वाले गगन मोहिन्दर फिर से साउथ-वेस्ट हर्टफोर्डशायर सीट से चुनाव जीत गए हैं। निवर्तमान संसद के सदस्य नवेन्दू मिश्र लेबर पार्टी की टिकट पर स्टॉकपोर्ट सीट से कामयाब रहे हैं।

## भारतीय सांसदों के बढ़ने की उम्मीद

ब्रिटेन की निवर्तमान संसद में 15 भारतीय मूल के सांसद थे और यह संख्या बढ़ने की उम्मीद है। ब्रिटेन के आम चुनाव 2024 में, कुल 107 ब्रिटिश-भारतीय उम्मीदवार 680 उपलब्ध सीटों के लिए चुनाव लड़ रहे थे। जब सारे चुनाव नतीजे आ जाएंगे तब लेबर और कंजरवेटिव दोनों दलों से कई भारतवंशी सफल उम्मीदवारों की सूची में होंगे। देखिए, यह बात माननी होगी कि भारतीयों का राजनीति करने में कोई जवाब नहीं है। ये देश से बाहर जाने पर भी सियासत के मैदान में मौका मिलते ही कूद पड़ते हैं। वहां पर अपनी उपस्थिति दर्ज करवा ही देते हैं। संसद का चुनाव कनाडा का हो, ब्रिटेन का हो या फिर किसी अन्य लोकतांत्रिक देश का, भारतीय उसमें अपना असर दिखाने से पीछे नहीं रहते। उन्हें सिर्फ वोटर बने रहना नामंजूर है। वे चुनाव लड़ते हैं। अब करीब दो दर्जन देशों में भारतवंशी संसद तक पहुंच चुके हैं। हिन्दुस्तानी सात समंदर पार मात्र कमाने-खाने के लिए ही नहीं जाते। वहां पर जाकर हिन्दुस्तानी सत्ता पर काबिज होने की भी चेष्टा करते हैं। अगर यह बात न होती तो 22 देशों की पार्लियामेंट में 182 भारतवंशी सांसद न होते।

**ब्रिटेन के पहले हिन्दू प्रधानमंत्री और सारी दुनिया के भारतवंशियों के प्रिय ऋषि सुनक अपनी कंजरवेटिव पार्टी को ब्रिटेन की संसद (हाउस ऑफ कॉमन्स) के लिए हुए चुनाव में जीत दिलवाने में नाकाम रहे। हालांकि वे अपनी सीट जीतने में सफल रहे। ऋषि सुनक ने उस परंपरा को ही आगे बढ़ाया था जिसका 1961 में श्रीगणेश सुदूर कैरिबियाई टापू देश ग्याना में छेदी जगन ने किया था।**



## दक्षिण अफ्रीका में भी उपस्थिति

अब जरा दक्षिण अफ्रीका को लें। वहां पिछले माह मई में संसद के लिए हुए चुनाव में भी भारतीय मूल के बहुत से उम्मीदवार विभिन्न राजनीतिक दलों से अपना भाग्य आजमा रहे थे। उन्होंने संसद और प्रांतीय असेंबलियों में भी जीत दर्ज की। मेरगन शेट्टी लगातार तीसरी बार संसद के लिए चुने गए। क्वाज़ुलू-नाटाल प्रांतीय विधानसभा की सदस्य शारा सिंह ने राष्ट्रीय राजनीति में प्रवेश किया और संसद सदस्य बन गईं। शेट्टी संसद में डेमोक्रेटिक एलायंस (डीए) के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले भारतीय मूल के सदस्य बताए जाते है। उन्होंने पहले 2006 में पीटरमारिट्ज़बर्ग नगर परिषद का प्रतिनिधित्व किया था। शारा सिंह ने संसद में चुने जाने के बाद स्थानीय सरकार की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। डीए के संसद के लिए 87 सदस्य चुने गए हैं। इनमें से चार भारतीय मूल के हैं। इस बीच, ए. सरूपेन ने लगातार दूसरी बार संसद के चुनाव में जीत हासिल की। सरूपेन के पूर्वज उत्तर प्रदेश से थे। वे गौतेंग प्रांतीय विधानसभा के सदस्य के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। इंकाथा फ्रीडम पार्टी के नेता नरेंद्र सिंह, अफ्रीकी नेशनल कांग्रेस (एएनसी) की फ़ासीहा हसन, अल जमा-आह के इमरान इस्माइल मूसा भी निर्वाचित हुए हैं। इनके अलावा, गोपाल रेड्डी और शुनमुगम रामसामी मूडली भी संसद पहुंचे हैं। अधिकांश चुने गए भारतीय मूल के सदस्य दक्षिण अफ्रीका में ही पैदा हुए हैं, लेकिन केरल के पथानमथिट्टा जिले के तिरुवल्ला के मूल निवासी अनिलकुमार केसवा पिल्लई ने 40 साल पहले दक्षिण अफ्रीका की स्थानीय राजनीति में खुद को स्थापित किया था। एक युवा शिक्षक के रूप में दक्षिण अफ्रीका पहुंचे पिल्लई शिक्षकों के एक ट्रेड यूनियन नेता के रूप में उभरे। उन्हें पहली बार 2019 में एएनसी के प्रतिनिधि के रूप में ईस्टर्न केप की प्रांतीय परिषद के लिए चुना गया था। पिल्लई के अलावा, डीए के सदस्य इमरान कीका, एम. नायर और रिओना गोकुल को भी क्वाज़ुलू-नाटाल की प्रांतीय विधानसभा के लिए फिर से चुना गया है।

## भारत के ब्रांड एंबेसेडर

भारतवंशी निश्चित रूप से भारत के ब्रांड एंबेसेडर हैं। भारत इनकी उपलब्धियों पर नाज करता है, लेकिन कनाडा का मामला थोड़ा हटकर है। वहां पर बसे भारतीयों का एक वर्ग घनघोर रूप से भारत विरोधी के रूप में सामने आता है। वहां पर खालिस्तानी खुलकर अपना खेल खेलते हैं। कनाडा के मंत्री हरजीत सिंह सज्जन की छवि एक घोषित खालिस्तानी की रही है। कुछ साल पहले वे भारत आए थे तब पंजाब के तत्कालीन मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने उनसे मुलाकात करने तक से मना कर दिया था।। सज्जन की हरकतें उन्हें कतई सज्जन नहीं बनाती। अब कुछ महीनों के बाद अमेरिका में राष्ट्रपति पद का चुनाव है। उम्मीद है कि वहां एक बार फिर से भारतवंशी कमला हैरिस उप राष्ट्रपति निर्वाचित हो जाएंगी।

# एफटीए के सिरे चढ़ने की उम्मीद



ब्रिटेन
सुनील अमर
वरिष्ठ पत्रकार

ब्रिटेन में ताजा सम्पन्न चुनाव में 14 वर्ष का वनवास झेलकर सेंटर लेफ्ट लेबर पार्टी चमत्कार करते हुए सत्ता में आ गई है। ऐसे समय में जब यूरोप में दक्षिणपंथ का प्रभाव बढ़ता जा रहा हो, और खुद ब्रिटेन में 14 वर्षों से-पश्चिमी देशों की सबसे सफल कही जाने वाली-दक्षिणपंथी कंजर्वेटिव पार्टी सत्ता में हो तो उसे ऐतिहासिक अन्तर से परास्त कर एक वामपंथी पार्टी का सत्ता में आना कौतूहल पैदा करता है। हालांकि आज की दुनिया में राजनीति महज विचारधारा और संवेदना का खेल न होकर गणित का भी खेल बन गई है तो इस लिहाज से ब्रिटेन का मामला वामपंथ का उभार कम और गणितीय हेर-फेर अधिक लगता है, क्योंकि कंजर्वेटिव और इसी से निकले नेताओं की दक्षिणपंथी पार्टी रिफार्म यूके को जो वोट प्रतिशत मिला है वह लेबर पार्टी को मिले मत प्रतिशत से ज्यादा है। बहरहाल, इसी के साथ यह सवाल सबसे ज्यादा उभर रहा है कि ब्रिटेन में वामपंथ की इतनी ताकतवर सरकार के भारत के साथ सम्बन्ध कैसे रहेंगे।

## लैन्ड स्लाइड विक्ट्री

कुल 650 सदस्यों वाली ब्रिटिश संसद में लेबर पार्टी ने 412 सीटें जीत ली हैं। सत्तारुढ़ कंजर्वेटिव पार्टी को महज 121 सीटें ही मिल सकी। फौरी तौर पर देखा जाए तो इसे अॅग्रेजी में 'लैन्ड स्लाइड विक्ट्री' कहा जाता है, लेकिन मत प्रतिशत के लिहाज से लेबर पार्टी को पिछले चुनाव यानी वर्ष 2017 से भी काफी कम महज 33.8 प्रतिशत यानी एक तिहाई वोट ही मिले हैं और सत्तारूढ़ कन्जरवेटिव को सिर्फ 23.7 प्रतिशत। लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर प्रधानमन्त्री बन गए हैं और उन्होंने तत्काल ही अपना मंत्रिमंडल भी बना लिया है। डेविड लैम्मी उनके विदेश मंत्री बने हैं। भारत के संबंध में लैम्मी का विदेश मंत्री बनना कुछ अलग मायने रखता है। लैम्मी काफी अरसे से भारत तथा दक्षिण एशिया के बारे में अपनी राय रखते रहे हैं जिससे उम्मीद बनती है कि उनके सुलझे विचारों का लाभ भारत से सार्थक संबंध बनाने में मिलेगा। अतीत में इस लेबर पार्टी का रवैया कश्मीर जैसे मसलों को लेकर भारत सरकार को परेशान करने वाला ही रहा है। अगस्त 2019 में जब भारत सरकार ने अनुच्छेद 370 को खत्म करने का ऐलान किया था तो तत्कालीन लेबर पार्टी प्रमुख जर्मी कोर्बिन ने लेबर पार्टी के वार्षिक सम्मेलन में एक प्रस्ताव पास कर कहा था कि भारत के कश्मीर में 'मानवीय संकट' उत्पन्न हो गया है और कश्मीरियों को आत्म निर्णय का अधिकार दिया जाना चाहिए। इस पर जब भारत सरकार ने इसका विरोध किया था तो आज के नवनिर्वाचित प्रधानमन्त्री और लेबर पार्टी के तत्कालीन नेता कीर स्टार्मर ने सफाई दी थी कि यह भारत-पाकिस्तान का आपसी मामला है।

## लेबर पार्टी का संकल्प

वैसे तो अपने चुनाव घोषणापत्र में लेबर पार्टी ने मुक्त व्यापार समझौता, सुरक्षा, शिक्षा, तकनीक तथा पर्यावरण आदि को लेकर भारत से सार्थक पहल करने का संकल्प ले रखा है, लेकिन स्टार्मर या डेविड लैम्मी दोनों सबसे पहले ब्रिटिश और फिर लेबर पार्टी के नेता हैं। भारत से संबंध सुधारना इसके बाद आता है। बहुत सारे मसले ऐसे हैं जिन्हें नई दिल्ली और ब्रिटेन में समान विचारधारा की बहुमत वाली दक्षिणपंथी सरकारों के रहते हुए भी निपटाया नहीं जा सका तो अभी वामपंथ की सरकार के रहते ज्यादा उम्मीद पाल लेना सही नहीं होगा। लैम्मी चुनाव के दौरान भी सत्ता में आने पर भारत से संबंध और बेहतर करने तथा द्विपक्षीय रणनीति के तहत मुद्दों को हल करने की बात करते रहे हैं लेकिन लेबर पार्टी का एक घोषित एजेन्डा है- वैध प्रवासियों की संख्या को कम करना तथा अवैध प्रवासियों को आने से रोकना। भारत से भारी संख्या में कामगार या नौकरी के इच्छुक लोग ब्रिटेन जाते रहते हैं। ब्रिटेन में लगभग 15 लाख भारतीय और 12 लाख पाकिस्तानी रहते हैं। भारत के साथ ब्रिटेन का मुक्त व्यापार समझौता अभी हो नहीं पाया है। इसे लागू करने में भारत से जाने वाले कामगारों को वीजा देने की प्रक्रिया एक बड़ा अड़ंगा है क्योंकि लेबर पहले ही कह चुके हैं कि वे वैध अप्रवासियों की संख्या भी कम करेंगे और दूसरी तरफ ब्रिटेन के लिए सबसे ज्यादा जरूरी एफटीए यानी मुक्त व्यापार समझौता है, क्योंकि अपनी खस्ताहाल आर्थिक व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए उसे भारत जैसा विशाल बाजार चाहिए। विशेषज्ञ कहते हैं कि द्विपक्षीय इन्वेस्टमेंट संधि, द्विपक्षीय सामाजिक सुरक्षा समझौता और कार्वन बार्डर टैक्स में संशोधन आदि ऐसे मुद्दे हैं जिन पर सुनक सरकार के समय में भी प्रगति हुई है। हो सकता है कि आने वाले अक्तूबर तक भारत ब्रिटेन का मुक्त व्यापार समझौता आकार ले ले क्योंकि गरज दोनों पक्षों को है।



**वैसे तो अपने चुनाव घोषणापत्र में लेबर पार्टी ने मुक्त व्यापार समझौता, सुरक्षा, शिक्षा, तकनीक तथा पर्यावरण आदि को लेकर भारत से सार्थक पहल करने का संकल्प ले रखा है, लेकिन स्टार्मर या डेविड लैम्मी दोनों सबसे पहले ब्रिटिश और फिर लेबर पार्टी के नेता हैं। लैम्मी चुनाव के दौरान भी सत्ता में आने पर भारत से संबंध और बेहतर करने की बात करते रहे हैं ।**

## अतिवादी समूह बड़ी समस्या

इसके अलावा दोनों देशों के बीच एक बड़ी समस्या ऐसे अतिवादी समूहों को लेकर है जो ब्रिटेन में हैं और भारत के खिलाफ अभियान चलाया करते हैं। इनमें इस्लामिक और सिख अतिवादी प्रमुख हैं। कनाडा के बाद सबसे ज्यादा सिख ब्रिटेन में ही हैं। ब्रिटेन मे इस बार भारतीय मूल के जो 28 सांसद जीते हैं उनमें कन्जरवेटिव पार्टी के 06 तथा लेबर पार्टी के 20 सांसद जीते हैं और उनमें 12 सिख है। कनाडा में कुल 18 सिख सांसद हैं। इस प्रकार स्टार्मर और डेविड लैम्मी की भारत के प्रति सदाशयता तभी तक काम करेगी जब तक उनकी पार्टी अपने इस वोट बैंक से आश्वस्त रह सकेगी। चुनाव के दौरान ही स्टार्मर ने कहा था कि वे यूरोपियन यूनियन के साथ सम्बन्ध सुधारने की शुरुआत करेंगे, लेकिन उनकी पार्टी ने अधिकृत तौर पर कह दिया था कि ऐसा कोई एजेन्डा पार्टी की टेबल पर नहीं है। बहरहाल राजनीति संभावनाओं का खेल है और उम्मीद की जानी चाहिए कि दोनों पक्षों की जरूरतों के लिहाज से समझौतों की गाड़ी आगे बढ़ेगी।

## खबर संक्षेप

### मोदी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर कहा कि अपने प्रखर राष्ट्रवादी विचारों से मां भारती को गौरवान्वित करने वाले डॉ. मुखर्जी को जन्म-जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। मातृभूमि के लिए उनका समर्पण और त्याग देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा।

### नड्डा ने किया मिलकर काम करने का आह्वान



**नई दिल्ली।** विश्व जूनोसिस दिवस पर जेपी नड्डा ने एक्स पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा जूनोटिक रोगों के प्रसार को रोकने के लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह वही दिवस है जब दुनिया ने लुई पाश्चर द्वारा रेबीज वैक्सीन के पहले सफल प्रशासन को चिह्नित किया था। इससे रोगों पर नियंत्रण होगा।

### राष्ट्रपति 9 जुलाई तक ओडिशा के दौरे पर पहुंचीं



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु शनिवार से नौ जुलाई तक ओडिशा के दौरे पर रहेंगी। भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय के मुताबिक राष्ट्रपति मुर्मु छह जुलाई को भुवनेश्वर में उत्कलमणि पंडित गोपबंधु दास की 96वीं पुण्यतिथि पर आयोजित समारोह में शामिल होंगी। रविवार को पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का अवलोकन करेंगी। अगले दिन उदयगिरि की गुफाओं का दौरा करेंगी।

## गुजरात दौरे पर कांग्रेस नेता का सरकार पर तीखा हमला

# अयोध्या में भाजपा को हराकर 'इंडिया' ने राम मंदिर आंदोलन को हराया : राहुल

**अहमदाबाद (भाषा)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि 'इंडिया' गठबंधन ने अयोध्या में भाजपा को हराकर राम मंदिर आंदोलन को पराजित कर दिया है जिसे लालकृष्ण आडवाणी ने शुरू किया था। उन्होंने विश्वास जताया कि अगले चुनाव में भाजपा का गुजरात में भी यही हश्र होगा। गांधी ने कहा कि कांग्रेस को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा चुनौती दी गई है और धमकी दी गई है, लेकिन वह गुजरात में भाजपा और नरेन्द्र मोदी को उसी तरह हराएगी, जिस तरह उन्हें अयोध्या में हराया गया। गांधी यहां पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे। कुछ दिन पहले ही कांग्रेस और भाजपा के बीच गुजरात प्रदेश कांग्रेस कमेटी (जीपीसीसी) कार्यालय के बाहर झड़प हुई थी, जब भाजपा के कार्यकर्ता हिंदुओं पर उनकी (गांधी की) टिप्पणी के खिलाफ प्रदर्शन करने वहां गए थे।



### कांग्रेस गुजरात में भाजपा को हराएगी

गांधी ने कहा, ''उन्होंने (भाजपा) हमें धमकाकर और हमारे कार्यालय को नुकसान पहुंचाकर हमें चुनौती दी है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि हम सब मिलकर उनकी सरकार को उसी तरह तोड़ देंगे जैसे उन्होंने हमारे कार्यालय को नुकसान पहुंचाया है। यह लिखकर ले लीजिए कि कांग्रेस गुजरात में चुनाव लड़ेगी और नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा को गुजरात में हराएगी, जैसा हमने अयोध्या में किया था।'' उन्होंने कहा कि कांग्रेस गुजरात में जीतेगी और इस राज्य से वह एक नयी शुरुआत करेगी। गांधी ने उत्तर प्रदेश की फैजाबाद लोकसभा सीट पर भाजपा की हार को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा। अयोध्या फैजाबाद में ही स्थित है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा, ''अयोध्या में भाजपा को हराकर, इंडिया गठबंधन ने राम मंदिर आंदोलन को हरा दिया है, जिसे भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी ने शुरू किया था। मैं जो कह रहा हूं वह बहुत बड़ी बात है...कांग्रेस पार्टी और इंडिया गठबंधन ने उन्हें अयोध्या में हराया।'' उन्होंने कहा कि कांग्रेस गुजरात में भाजपा को हराएगी क्योंकि ''मोदी के विजन का गुब्बारा फूट चुका है।''

### हिंदू संगठनों ने राहुल के पुतले जलाए

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि मोदी अयोध्या से लड़ना चाहते थे, हार के डर से वाराणसी गए, वहां भी मुश्किल से जीते। राहुल डेढ़ घंटे के दौरे पर अहमदाबाद पहुंचे। उनके इस दौरे के दौरान विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और उनके पुतले जलाए। कार्यकर्ता संसद में राहुल के कथित हिंदू विरोधी बयान का विरोध कर रहे थे। दरअसल, संसद में हिंदू धर्म पर बयान देने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने 2 जुलाई को अहमदाबाद में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर हमला किया था। इसके बाद दोनों दलों के कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़प हो गई थी। झड़प में कई कांग्रेसी कार्यकर्ता घायल हो गए थे। राहुल इन्हीं कार्यकर्ताओं से मुलाकात करने अहमदाबाद पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने गुजरात के हालिया बड़े हादसों (राजकोट गेम जोन अग्निकांड, वडोदरा हरणी लेक हादसा, मोरबी हादसा) के पीड़ित परिवारों से भी मुलाकात की।

### त्रासदियों के पीड़ितों के परिजनों से की मुलाकात

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुजरात में हाल के वर्षों में हुई विभिन्न त्रासदियों में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों से शनिवार को मुलाकात की और उनकी शिकायतों को संसद में उठाने का वादा किया। राजकोट में टीआरपी गेम जोन अग्निकांड, वडोदरा में नाव पलटने की घटना, 2022 में मोरबी पुल ढहने की घटना और 2016 के ऊना दलित पिटाई मामले के पीड़ितों के परिजनों ने यहां गुजरात कांग्रेस मुख्यालय में लोकसभा में विपक्ष के नेता से मुलाकात की। कांग्रेस विधायक जिग्नेश मेवाणी ने कहा, ''राहुल गांधी ने पीड़ितों के परिवार के सदस्यों से बातचीत की, उनके मुद्दों को समझा और वादा किया कि वह उन्हें संसद में उठाएंगे, ताकि न्याय मिले।'' मोरबी पुल हादसे में अपनी दस वर्षीय बेटी को खोने वाले नरेंद्र परमार ने कहा कि गुजरात की भाजपा शासित ''भ्रष्ट व्यवस्था'' से उनका भरोसा उठ गया है। उन्होंने कहा, ''मैंने गांधी से कहा कि सभी मुख्य आरोपी जमानत पर हैं और अदालती कार्यवाही बहुत धीमी गति से चल रही है।

## बसपा नेता की हत्या का मामला

# आठ संदिग्ध पकड़े गए, समर्थकों ने सीबीआई जांच की मांग की

भाषा ▶▶ चेन्नई

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. आर्मस्ट्रांग की हत्या के सिलसिले में कम से कम आठ संदिग्धों को पकड़ा गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। हालांकि दिवंगत नेता के समर्थकों और नेताओं ने सवाल उठाया है कि गिरफ्तार किए गए संदिग्ध क्या असली अपराधी हैं। आर्मस्ट्रांग के समर्थकों ने दावा किया कि उनकी हत्या ''योजना बनाकर की गई'' थी और उन्होंने 52 वर्षीय आर्मस्ट्रांग की मौत की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराए जाने की मांग की। मोटरसाइकिल सवार छह लोगों के



एक समूह ने चेन्नई नगर निगम के पूर्व पार्षद आर्मस्ट्रांग की शुक्रवार को पेरम्बूर में उनके घर के पास हत्या कर दी थी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने आर्मस्ट्रांग की हत्या की घटना पर शनिवार को दुख जताया और कहा कि इस मामले के आरोपियों को रातभर चले अभियान के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया।

### आर्मस्ट्रांग के समर्थकों ने अस्पताल के बाहर प्रदर्शन किया, सीएम बोले-दोषियों को सख्त सजा दी जाएगी

स्टालिन ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''पुलिस ने हत्या में शामिल लोगों को रात भर चले अभियान के दौरान गिरफ्तार कर लिया है।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने पुलिस को मामले की जांच तेजी से करने और दोषियों को कानून के अनुसार सजा दिलाने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा, ''मैं शोक संतप्त परिवार और उनके मित्रों के प्रति अपनी गहरी संवेदना और सहानुभूति व्यक्त करता हूं।'' आर्मस्ट्रांग के शव का शनिवार को यहां एक सरकारी अस्पताल में पोस्टमार्टम किया गया। आर्मस्ट्रांग के समर्थकों ने अस्पताल के बाहर प्रदर्शन किया और हत्या के मामले की सीबीआई से जांच कराए जाने की मांग की। बसपा के एक पदाधिकारी ने कहा कि यह एक ''सुनियोजित हत्या'' थी और उन्होंने दावा किया कि यह ''खुफिया विफलता'' का परिणाम है इसलिए केंद्रीय एजेंसी को मामले की जांच करनी चाहिए। चेन्नई सेंट्रल रेलवे स्टेशन के सामने स्थित अस्पताल के बाहर आर्मस्ट्रांग के समर्थकों के विरोध प्रदर्शन के कारण व्यस्त 'पूनमल्ले हाई रोड' पर यातायात बाधित हो गया।

## 150 वकीलों ने चीफ जस्टिस को पत्र लिखा

# केजरीवाल की जमानत को रोकना चिंताजनक, ऐसा पहले नहीं देखा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट और जिला कोर्ट्स के 150 वकीलों ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ को एक पत्र लिखकर दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल की जमानत रोके जाने पर चिंता जाहिर की है। वकीलों ने अपने पत्र में इसे 'अनोखी परंपरा' बताया है। उन्होंने कहा कि ऐसा वाकया भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में पहले कभी नहीं देखा गया है। 9 पेज के लेटर में वकीलों ने कहा कि वकीलों ने कहा कि ट्रायल कोर्ट ने केजरीवाल को जमानत दे दी थी, लेकिन ईडी ने इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी और हाईकोर्ट ने जमानत के आदेश पर रोक लगा दी।

वकीलों ने पत्र में इसे 'अनोखी परंपरा' बताया



### लोगों का भरोसा बनाए रखना कोर्ट का काम

*पत्र लिखने वाले वकीलों में आम आदमी पार्टी की लीगल सेल के कई वकील भी शामिल हैं। पत्र में यह भी लिखा गया है कि इस देश की जनता बहुत उम्मीद और भरोसे के साथ कोर्ट में याचिका लगाती है। इस भरोसे को बनाए रखना न्यायपालिका और कानूनी बिरादरी का काम है। इस बात को ध्यान में रखते हुए हम अपनी चिंता आपके सामने रख रहे हैं। हम उम्मीद करते हैं कि इनमें तेजी से सुधार किया जाएगा।*

### दुष्कर्म के आरोप में वाईएसआर के पूर्व विधायक गिरफ्तार

**कुरनूल।** आंध्र प्रदेश पुलिस ने वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधायक जे सुधाकर को एक नाबालिग लड़की के साथ चार साल से अधिक समय तक बार-बार दुष्कर्म के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि लड़की वहां काम करती थी। कोडुमुरु के पूर्व विधायक सुधाकर को गिरफ्तार किया गया। लड़की ने पुलिस को 'वीडियो साक्ष्य' भी दिए। पुलिस ने बताया कि सुधाकर ने घर में काम करने वाली नाबालिग लड़की के साथ वर्ष 2019 से 2023 तक कई बार दुष्कर्म किया।

# क्रिकेटरों को 11 करोड़ रुपये का इनाम देने पर विपक्षी दलों ने महाराष्ट्र सरकार पर सवाल उठाए

**मुंबई (भाषा)।** महाराष्ट्र में विपक्षी दल कांग्रेस और शिवसेना ने टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम को 11 करोड़ रुपये का इनाम देने की एकनाथ शिंदे नीत सरकार की घोषणा पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि ऐसा करके सरकार अपनी पीठ थपथपाना चाहती है। विपक्षी दलों ने कहा कि उन्हें क्रिकेटरों की उपलब्धि पर गर्व है, लेकिन राज्य के खजाने से 11 करोड़ रुपये देने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री से यह राशि अपनी जेब से देने को कहा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विधायक प्रवीण दरेकर ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने का आरोप लगाया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को भारतीय क्रिकेट टीम के लिए 11 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की।

### राज्य के खजाने से पैसा दिया गया

यह घोषणा विधान भवन में की गई, जहां टीम के मुंबई के चार खिलाड़ियों-कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, यशस्वी जायसवाल और शिवम दुबे को सम्मानित किया गया। बाद में, पत्रकारों से बातचीत में राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय वडेट्टीवार ने कहा, ''राज्य के खजाने से 11 करोड़ रुपये देने की क्या जरूरत थी? यह अपनी पीठ थपथपाने के लिए है...खजाना खाली होने दो...गरीबों को मरने दो। लेकिन सरकार अपनी पीठ थपथपाना चाहती है।'' विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष अंबादास दानवे ने कहा, ''खिलाड़ियों को राज्य के खजाने से 11 करोड़ रुपये देने की जरूरत नहीं थी। हर किसी को उनकी उपलब्धियों पर गर्व है और उन्हें पर्याप्त पुरस्कार राशि मिलती है।

सार्वजनिक सूचना
आज़ादी का अमृत महोत्सव
मानसून संबंधी सलाह!
मानसून संबंधी विद्युत सुरक्षा युक्तियाँ
Electrical Safety Tips for Monsoon
CAUTION ELECTRICAL HAZARD
कुछ मामूली सावधानियां और उच्च वोल्टेज विद्युत उपकरणों से दूरी बनाने भर से सुरक्षित रहने में मदद मिलेगी
- बिजली के खंभों, वायर, सब-स्टेशन, ट्रांसफार्मर और स्ट्रीटलाइट आदि से दूर रहें।
- बच्चों को बिजली के उपकरणों के आसपास न खेलने दें और ऐसे पार्क में ना खेलें जहां पानी भरा हो और पार्क की रेलिंग को छूने से भी बचे।
- अगर आपको कोई गिरा हुआ केबल , पोल , बाहर की ओर निकली हुई वायरिंग या सड़क पर खुदाई दिखे तो इसके बारे में निकटतम रेलवे कर्मचारी को बताएं।
- किसी इलेक्ट्रिसिटी सिस्टम में हुकिंग करके बिजली चोरी करने की कोशिश से सुरक्षा को लेकर गंभीर खतरा पैदा हो सकता है। बिजली चोरी की घटनाओं के बारे में कृपया जानकारी दें।
"RAILWAY BIJLI SAMADHAAN" (RBS) डाउनलोड करें
Scan QR code to download app
RBS APP को खोले, मोबाइल नंबर की मदद से स्वयं को रजिस्टर करें।
विद्युत सम्बन्धी अपनी शिकायत को APP के माध्यम से दर्ज़ कराएं।
- बिना योजना के खुदाई करने या ट्रेंचलेस मशीन का इस्तेमाल करने से इलेक्ट्रिसिटी सप्लाई बाधित हो सकती है। सभी संबंधित विभाग जैसे नगर निगम विभाग, राज्य बिजली बोर्ड और रेलवे विभाग (इंजीनियरिंग, सिग्नल और दूरसंचार) से अनुरोध है कि ऐसी किसी भी काम की जानकारी नीचे दिए मोबाइल नंबर पर दें।
DANGER खतरा
संपर्क करें: 011-42627151, 9717632789 9717633727
उत्तर रेलवे
www.nr.indianrailways.gov.in
हमें फॉलो करें: /RailMinIndia
2042/24

CIO
बीमा लोकपाल परिषद
Council for Insurance Ombudsmen
(Erstwhile GBIC/ECOI)
यदि आपकी शिकायत का समाधान आपके बीमाकर्ता/ बीमा ब्रोकर द्वारा नहीं किया जाता
अपनी शिकायत ऑनलाइन दर्ज करें*
https://cioins.co.in/Complaint/Online
- हम कोई शुल्क नहीं लेते
- हमारा कोई प्रतिनिधि/मध्यस्थ नहीं है
- अपने घर से आरामदायक समाधान के लिए पंजीकरण
डिजिटल बनो, आत्मनिर्भर बनो
*शर्तों के अधीन
cbc 15227/15/0001/2425
बीमा लोकपाल: एक ही स्थान पर शिकायत समाधान
सीआईओ पर अधिक जानकारी के लिए QR कोड स्कैन करें | विज़िट करें : www.cioins.co.in | यह जनहित में जारी किया जाता है




# भारी बारिश के कारण अमरनाथ यात्रा रोकी, ऋषिकेश से बद्रीनाथ जाने वाला हाईवे बंद

भाषा ⏭ श्रीनगर

दक्षिण कश्मीर हिमालय स्थित अमरनाथ गुफा मंदिर की यात्रा भारी बारिश के कारण दोनों मार्गों पर शनिवार को अस्थायी तौर पर स्थगित कर दी गई। मौसम में सुधार के बाद यात्रा फिर से शुरू होगी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार रात से बालटाल और पहलगाम मार्ग पर रुक-रुक कर भारी बारिश हो रही है। अधिकारियों ने बताया कि तीर्थयात्रियों की सुरक्षा के लिए एहतियाती तौर पर यात्रा को अस्थायी रूप से स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। उधर उत्तराखंड में मौसम विभाग ने भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। उत्तराखंड में भारी बारिश और लैंडस्लाइड के कारण डोलिया देवी (फाटा) में रुद्रप्रयाग से गौरीकुंड और ऋषिकेश से बद्रीनाथ जाने वाला नेशनल हाईवे 107 व 58 ब्लॉक हो गया है। चमोली में भूस्खलन के बाद गिर रही चट्टानों की चपेट में आने से दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई है।

### जम्मू से 5,800 यात्री अमरनाथ के लिए रवाना

अमरनाथ यात्रा के लिए 5,800 से अधिक तीर्थयात्रियों का एक जत्था शनिवार सुबह जम्मू के दो आधार शिविर से रवाना हुआ। भारी बारिश के बीच तड़के 2:50 और 3:50 बजे 245 वाहनों के दो काफिलों में 1,118 महिलाओं और 18 बच्चों समेत कुल 5,876 तीर्थयात्रियों का नौवां जत्था भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ।

### मौसम में सुधार के बाद यात्रा फिर से शुरू होगी




### नेपाल में बारिश ने मचाई तबाही, 2 लोगों की मौत

काठमांडू। नेपाल में जमकर बारिश हो रही है। काठमांडू समेत नेपाल के अन्य हिस्सों में हो रही बारिश से कई लोगों की जान चली गई है। जलविद्युत परियोजना में सुरंग निर्माण का काम कर रहे दो मजदूरों की मौत हो गई।

**भारी बारिश का अलर्ट:** मौसम विभाग ने आज देशभर के 28 राज्यों उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, सिक्किम, पंजाब, पश्चिम बंगाल, अरुणाचल प्रदेश, असम, महाराष्ट्र, गोवा, मणिपुर, मेघालय, गुजरात, ओडिशा, कर्नाटक, हरियाणा, दिल्ली, मप्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा, झारखंड, नागालैंड, त्रिपुरा, मिजोरम, राजस्थान, केरल और त्रिपुरा में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।



### असम में बाढ़ से स्थिति गंभीर

गुवाहाटी (भाषा)। असम में शनिवार को भी बाढ़ से स्थिति गंभीर बनी रही और प्रमुख नदियां कई स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रहीं हैं। बाढ़ से 30 जिलों के 24.50 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। एक आधिकारिक बुलेटिन में यह जानकारी दी गई। इस साल बाढ़ से 52 लोग जान गवा चुके हैं जबकि भूस्खलन और तूफान से 12 लोगों की मौत हो चुकी है। बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित डिब्रूगढ़ जिले से लौटे मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने अधिकारियों के साथ बैठक की।

### बिहार: कई नदियों ने खतरे के निशान को पार किया

पटना (भाषा)। बिहार में पिछले 24 घंटे में हुई मूसलाधार बारिश के कारण राज्य के नदी-नाले जहां उफान पर हैं, वहीं कोसी समेत कई नदियों का जल स्तर कई जगहों पर खतरे के निशान को पार कर चुका है। बिहार के जल संसाधन विभाग के अनुसार, 'राज्य के कुछ जिलों में लगातार बारिश के कारण नदियां और नाले उफान पर हैं। नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में बारिश से भी कई स्थानों पर नदियां खतरे के निशान को छू रही हैं।


### बिहार में वज्रपात से नौ और उत्तर प्रदेश में 13 की मौत

पटना/लखनऊ (भाषा)। बिहार में पिछले 24 घंटों के दौरान छह जिलों में वज्रपात की चपेट में आकर नौ लोगों की मौत हो गई। वहीं उप्र में शनिवार शाम 6:30 बजे तक 24 घंटे में बारिश से संबंधित घटनाओं में 13 लोगों की मौत हो गई। उप्र में 24 घंटों में औसतन 18.3 मिलीमीटर बारिश हुई।

## खबर संक्षेप

### पीएम मोदी ने डॉ. मुखर्जी को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली। पीएम नरेंद्र मोदी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी है।



प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर कहा कि अपने प्रखर राष्ट्रवादी विचारों से मां भारती को गौरवान्वित करने वाले डॉ. मुखर्जी को जन्म-जयंती पर आदरपूर्ण श्रद्धांजलि। मातृभूमि के लिए उनका समर्पण और त्याग देशवासियों को सदैव प्रेरित करता रहेगा।

### दौसा में दसवीं के छात्र की हृदयाघात से मौत

जैसलमेर (भाषा)। राजस्थान के दौसा जिले में 10वीं कक्षा के एक छात्र की हृदयाघात से मौत हो गई। यह घटना शनिवार सुबह दौसा जिले के बांदीकुई कस्बे में हुई जब निजी स्कूल का छात्र यतेंद्र उपाध्याय (16) गलियारे में बेहोश होकर गिर गया। स्कूल प्रशासन छात्र को नजदीकी अस्पताल लेकर गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। यतेंद्र ने पांच जुलाई को जन्मदिन मनाया था।

### आध्यात्मिक नेता दलाई लामा 89 वर्ष के हुए

धर्मशाला(भाषा)। तिब्बती आध्यात्मिक नेता दलाई लामा शनिवार को 89 वर्ष के हो गए तथा अपने जन्मदिन संदेश में उन्होंने कहा कि वह शारीरिक रूप से स्वस्थ हैं और भगवान बुद्ध की शिक्षाओं के प्रति अपनी सेवा जारी रखने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। दलाई लामा अमेरिका में हैं जहां वह घुटने की सर्जरी से उबर रहे हैं।

### गाजा में इजराइल का हमला, 6 की मौत

फिलिस्तीन। दीर अल बलाह (फलस्तीन) छह जुलाई (एपी) मध्य गाजा में इजराइल के हवाई हमलों में शुक्रवार को दो बच्चों और संयुक्त राष्ट्र के एक कर्मी समेत कम से कम छह लोगों की मौत हो गई। गाजा में सलाह अल-दीन मार्ग पर मघाजी शरणार्थी शिविर के पास एक इजराइली हमले में तीन वयस्कों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए।

### स्वदेशी 'जोरावर' टैंक का शुरुआती परीक्षण पूरा

नई दिल्ली(ब्यूरो)। भारत ने 'जोरावर' नामक स्वदेशी हल्के टैंक का प्रारंभिक परीक्षण किया है, जिसे मुख्य रूप से चीन के साथ लगी वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर सेना की समग्र युद्ध क्षमताओं को बढ़ाने के लिए विकसित किया जा रहा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और 'एलएंडटी डिफेंस' विमान से ले जाए जाने योग्य 25 टन वजनी टैंक विकसित कर रहे हैं, जिसे मुख्य रूप से चीन के साथ लगी सीमा पर तेजी से तैनाती के लिए डिजाइन किया गया है।

## पीएम मोदी ने स्टॉर्मर से बात की एफटीए पर जल्द बनेगी सहमति

**ब्रिटेन के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री को जीत पर बधाई दी और भारत आने का दिया न्योता**

हरिभूमि ब्यूरो/भाषा ⏭ नई दिल्ली

ब्रिटेन के नव-निर्वाचित प्रधानमंत्री कीर स्टॉर्मर ने शनिवार सुबह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बात की। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री आवास डाउनिंग स्ट्रीट के अनुसार, उन्होंने कहा कि वह दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को पूरा करने के लिए तैयार हैं। भारत और ब्रिटेन दो वर्षों से अधिक समय से एफटीए पर बातचीत कर रहे हैं, लेकिन दोनों देशों में आम चुनावों के बीच 14वें दौर में वार्ता रुक गई थी। उम्मीद है कि अब स्टॉर्मर के नेतृत्व वाली नई लेबर सरकार फिर वार्ता शुरू करेगी। लेबर सरकार को इस सप्ताह भारी बहुमत से वोट मिला है। नव-निर्वाचित प्रधानमंत्री की हिंद-प्रशांत क्षेत्र से संबंधित अंतरराष्ट्रीय फोन वार्ता के संबंध में डाउनिंग स्ट्रीट ने कहा कि शनिवार को सबसे पहले मोदी से बात हुई और उसके बाद जापान और ऑस्ट्रेलिया से बात की गई। डाउनिंग स्ट्रीट के प्रवक्ता ने कहा कि दोनों नेताओं ने चुनावी जीत पर एक-दूसरे को बधाई दी और ब्रिटेन तथा भारत के बीच संबंधों की मजबूती पर विचार-विमर्श किया। मुक्त व्यापार समझौते पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वे दोनों पक्षों के लिए लाभकारी समझौता करने को तैयार हैं।



- मोदी ने स्टॉर्मर को जल्द भारत आने का निमंत्रण भी दिया और दोनों नेताओं ने संपर्क में बने रहने पर सहमति जताई
- मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि केअर स्टॉर्मर से बात करके खुशी हुई व उन्हें ब्रिटेन का पीएम बनने पर बधाई दी
- हम अपने लोगों की प्रगति और समृद्धि व वैश्विक भलाई को व्यापक रणनीतिक साझेदारी और मजबूत करने को प्रतिबद्ध

### ब्रिटेन के नए स्टॉर्मर ने मंत्रिमंडल की पहली बैठक बुलाई

#### विवादास्पद रवांडा निर्वासन योजना 'मृत और दफन' हो चुकी: स्टॉर्मर

लंदन (एपी)। ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने शनिवार को मंत्रिमंडल की पहली बैठक बुलाई क्योंकि उनकी नई सरकार ढेरों घरेलू समस्याओं को दूर करने और सालों की कठोरता, राजनीतिक अराजकता और पस्त अर्थव्यवस्था से ऊब चुकी जनता पर जीत हासिल करने की बड़ी चुनौती का सामना कर रही है। स्टॉर्मर ने 10 डाउनिंग स्ट्रीट में नए मंत्रियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह उनके जीवन के लिए सम्मान की बात थी कि महाराजा चार्ल्स तृतीय ने एक समारोह में उन्हें सरकार बनाने के लिए कहा, जिसने उन्हें आधिकारिक तौर पर प्रधानमंत्री बना दिया। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री का आधिकारिक अवास और कार्यालय 10 डाउनिंग स्ट्रीट है। उन्होंने कहा कि हमारे पास करने के लिए बहुत सारा काम है, इसलिए अब हम अपना काम शुरू करते हैं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने शनिवार को कहा कि वह शरणार्थियों को रवांडा भेजने की कंजर्वेटिव पार्टी की विवादास्पद नीति को रद्द कर रहे हैं। स्टॉर्मर ने अपने पहले संवाददाता सम्मेलन में कहा कि रवांडा योजना शुरू होने से पहले ही खत्म हो गई और दफन हो गई।

### मंत्रिमंडल में लीसा नंदी समेत रिकॉर्ड 11 महिलाएं शामिल

लंदन (भाषा)। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर के मंत्रिमंडल में भारतीय मूल की लीसा नंदी समेत रिकॉर्ड 11 महिलाएं शामिल हैं। उत्तर-पश्चिम इंग्लैंड के विगन संसदीय क्षेत्र से भारी अंतर के साथ पुनर्निर्वाचित होने वालीं लीसा नंदी (44) शनिवार को ब्रिटेन की संस्कृति, मीडिया एवं खेल मंत्री के रूप में अपना पदभार ग्रहण करेंगी। आम चुनाव में प्रचंड जीत दर्ज करने वाले स्टॉर्मर के मंत्रिमंडल में शामिल 11 महिलाओं में रेचेल रीव्स (वित्तमंत्री), एंजेला रेनर (उप प्रधानमंत्री) भी शामिल हैं। दोनों ने इतिहास रचा है क्योंकि रीव्स के तौर पर ब्रिटेन को पहली महिला वित्तमंत्री मिली हैं, वहीं रेनर उप प्रधानमंत्री के पद पर आसीन होने वाली दूसरी महिला हैं।

## सूरत में छह मंजिला इमारत ढही, मलबे में चार से पांच लोगों के फंसे होने की आशंका

भाषा ⏭ सूरत


गुजरात के सूरत शहर के पाल इलाके में शनिवार दोपहर छह मंजिला आवासीय इमारत ढह गई, जिसके बाद कम से कम चार से पांच लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। सूरत के जिलाधिकारी सौरभ पारधी ने बताया कि मलबे से एक महिला को जीवित बचा लिया गया है, जबकि एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की मदद से तलाश व बचाव अभियान जारी है क्योंकि लोगों का दावा है कि चार से पांच लोग फंसे हो सकते हैं। पारधी ने कहा कि पाल इलाके में दोपहर के समय छह मंजिला इमारत ढह गई। हमें पता चला है कि इमारत में चार से पांच फ्लैट में लोग रहते हैं। एक महिला को बचाया गया है। चार से पांच के फंसे होने की आशंका है। एनडीआरएफ व एसडीआरएफ की मदद से बचाव अभियान जारी है।



### निर्माण 2016-17 में हुआ

सूरत के पुलिस आयुक्त अनुपम सिंह गहलोत ने पुष्टि की कि बचाव प्रयासों की शुरुआत में फंसे हुए लोगों की आवाज सुनी गईं। इमारत का निर्माण 2016-17 में हुआ था। सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया इमारत में लगभग पांच फ्लैट में लोग रहते हैं, जिनमें से अधिकतर इस क्षेत्र में कारखानों में काम करते हैं। जब बचाव कार्य शुरू हुआ तो हमने अंदर फंसे लोगों की आवाज सुनीं। मलबे से महिला को जिंदा निकालकर अस्पताल पहुंचाया।




### ईरान के सुधारवादी नेता पेजेशकियन ने राष्ट्रपति पद के चुनाव में जीत हासिल की

नई दिल्ली(ब्यूरो)। ईरान में राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए पिछले सप्ताह हुए मतदान में शीर्ष स्थान पर रहे दो उम्मीदवारों के बीच सीधे मुकाबले में सुधारवादी नेता मसूद पेजेशकियन ने कट्टरपंथी सईद जलीली को हराकर शनिवार को जीत हासिल कर ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मसूद पजशाकियान को राष्ट्रपति बनने पर बधाई दी। सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्न (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि इस्लामी गणतंत्र ईरान के राष्ट्रपति के रूप में आपके चुनाव पर बधाई। हमारे लोगों, क्षेत्र के लाभ के लिए मधुर व दीर्घकालिक द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए आपके साथ काम करने की आशा है। पेजेशकियन ने आर्थिक प्रतिबंधों से जूझ रहे ईरान के पश्चिमी देशों से संबंध बेहतर करने और हिजाब कानून में ढील देने का वादा किया है। हृदय रोग विशेषज्ञ पेजेशकियन ने अपने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान ईरान के शिया शासन प्रणाली में कोई आमूलचूल परिवर्तन नहीं करने का वादा किया था।



■ मसूद पजशकियान को पीएम मोदी ने दी बधाई

### केरल: 'दिमाग खाने वाले' अमीबा का चौथा केस

कोझिकोड (केरल) (भाषा)। केरल में मस्तिष्क खाने वाले अमीबा के संक्रमण का एक और मामला सामने आया है। अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस' दूषित जल में पाए जाने वाले अमीबा से होता है। एक अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि उत्तरी केरल के कोझिकोड जिले का पय्योली निवासी 14 वर्षीय किशोर इस संक्रमण से पीड़ित है। उसी अस्पताल में किशोर का उपचार किया जा रहा है। मई के बाद से राज्य में, अमीबा से होने वाले संक्रमण का यह चौथा मामला है और अब तक के मामलों में बच्चे ही इससे पीड़ित हुए हैं। पहले के मामलों में तीनों बच्चों की मौत हो चुकी है।

**पहले के मामलों में तीनों बच्चों की मौत हो चुकी**

## हाथरस में भगदड़ के मुख्य आरोपी मधुकर को जेल भेजा

**कोर्ट से दौड़ाकर बाहर लाई पुलिस**

हाथरस (एजेंसी)। हाथरस भगदड़ के मुख्य आरोपित देव प्रकाश मधुकर को सीजेएम कोर्ट ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। कोर्ट में मीडिया का जमावड़ा था। पुलिस मीडिया से बचने के लिए मधुकर को पीछे के दरवाजे से दौड़ाकर बाहर लाई, तभी वह मुंह के बल गिर पड़ा। पुलिसकर्मियों ने उसे तेजी से संभाला और फिर दौड़ाते हुए जीप में बिठाकर ले गए। मधुकर और उसके एक अन्य साथी संजीव यादव को अलीगढ़ जेल भेजा गया है। सुबह 11 बजे पुलिस ने मेडिकल कराया। देव प्रकाश को शुक्रवार रात दिल्ली से गिरफ्तार किया गया था।



मुंह के बल गिरा देव प्रकाश मधुकर

### पटना में साकार हरि पर केस

बिहार के पटना में हादसे को लेकर भाजपा नेता ने साकार हरि उर्फ भोले बाबा पर केस दर्ज कराया है।

### सामने आया भोले बाबा

हादसे के बाद पहली बार भोले बाबा सामने आया। हम भगदड़ की घटना से बहुत दुःखी हैं। हमें विश्वास है कि जो भी उपद्रवी हैं, वो बख्शे नहीं जाएंगे।

### दो माह में रिपोर्ट देगा न्यायिक आयोग

न्यायिक जांच आयोग की टीम 12 बजे के हाथरस पहुंची। टीम में इलाहाबाद हाईकोर्ट के रिटायर्ड न्यायाधीश बृजेश कुमार श्रीवास्तव, पूर्व आईएएस हेमंत राव व पूर्व आईपीएस भवेश कुमार सिंह हैं। रिटायर्ड न्यायाधीश श्रीवास्तव ने बताया कि दो महीने में जो फाइंडिंग आएगी। हम दो महीने में पूरी रिपोर्ट सरकार को सौंप देंगे।

**आंधी-तूफान में भी रहेगा सुरक्षित, विशेष तरह से बनाया गया**

## रामजन्मभूमि में लहराएगा 211 फीट ऊंचा धर्मध्वज

एजेंसी ⏭ अयोध्या

राममंदिर निर्माण के साथ शिखर पर स्थापित होने वाले कलश व धर्मध्वज को लेकर भी मंथन शुरू हो गया है। राममंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने बताया कि राममंदिर में 211 फीट ऊंचा धर्मध्वज लहराएगा। इसके लिए विशेष धर्मध्वज दंड अहमदाबाद से निर्मित होकर आया है। तेज आंधी व तूफान में धर्मध्वज इधर-उधर न हिले, इसको लेकर इंजीनियर खास संरचना कर रहे हैं।

### ट्रस्ट के महासचिव राय ने कहा-अहमदाबाद से बनकर आया अहमदाबाद की अंबिका इंजीनियरिंग कंपनी ने इसे बनाया

**44** मीटर लंबा स्तंभ है

**9.5** इंच है इसकी चौड़ाई

**55** क्विंटल है इसका वजन

**20-20** फीट के 6 धर्मध्वज दंड लगे

### कंपनी 8 दशक से करती आ रही ऐसा कार्य



यह धर्मध्वज अहमदाबाद की अंबिका इंजीनियरिंग कंपनी में बनकर तैयार हुआ है। यह कंपनी करीब आठ दशक से शास्त्रों के अनुसार धर्मध्वज दंड बनाती आ रही है। पीतल का स्तंभ 44 फीट लंबा है। इसकी चौड़ाई 9.5 इंच है। वजन 55 क्विंटल है। 20-20 फीट लंबे 6 धर्मध्वज हैं।

### 24 घंटे लहराएगी यह धर्म ध्वजा

यह एक अनोखा एंटीना होता है, जो ब्रह्मांड की ऊर्जा को भगवान के गर्भगृह तक ले जाता है। राममंदिर में मुख्य ध्वज समेत सात ध्वज स्तंभ लगने हैं। मंदिर का शिखर 161 फीट है। शिखर के ऊपर पताका रहेगी। चूंकि धर्मध्वज दंड की लंबाई 44 फीट है, इसके ऊपर कई कलश लगेंगे, इसलिए धर्मध्वज दंड की कुल ऊंचाई 211 फीट हो जाएगी, जहां 24 घंटे धर्म ध्वजा लहराती रहेगी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25